दैनिक
राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत उत्तर भारत विशेष कर मालवा जोन ( हरियाणा ) का एकमात्र दैनिक समाचारपत्र
DAILY BHARAT DESH HAMARA KARNAL

# भारत देश हमारा

करनाल

Postal Regd. No. PKL-235/2024-26
www.bharatdeshhamara.com,E-mail-bdhkarnal@gmail.com
मुख्य सम्पादक - जगजीत सिंह दर्दी   संपादक - डा.के.के.संधू   प्रबन्ध संपादक: सुरेन्द्र सिंह छत्तवाल

PRGI (RNI) Regd. No.HARHIN/2017/74227   वर्ष 9   अंक 102 मंगलवार 14 अप्रैल, 2026   Tuesday 14 April, 2026   मूल्य 2/- रूपए , कुल पृष्ठ 12   मोब :9416406615,7404278000,9215537704

## हाईकोर्ट के फैसले को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंची असम सरकार, पवन खेड़ा की बढ़ेंगी मुश्किलें

**नई दिल्ली 13 अप्रैल( निस ):** कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की मुश्किलें फिर बढ़ती नजर आ रही हैं। असम सरकार ने तेलंगाना हाईकोर्ट के उस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है, जिसमें पवन खेड़ा को एक हफ्ते की ट्रांजिट अग्रिम जमानत दी गई थी। असम सरकार की इस याचिका ने राजनीतिक गलियारों( शेष पृष्ठ दो पर )

www.timetv.news
CHARDIKLA TIME TV
24x7 Infotainment Channel
चड़दीकला टाइम टी.वी.
Daily Live From Gurdwara Sri Bangla Sahib Ji New Delhi
TATA PLAY Channel no. 1945
Free Dish Channel no. 340
videocon Channel no. 779
airtel Channel no. 557
dishtv Channel no. 1152
Channel no. 581
Jio TV and all cable cable networks in India


दैनिक समाचार पत्र भारत देश हमारा
बैसाखी पर्व
जिला करनाल विशेषांक
स. जगजीत सिंह दर्दी
पदमश्री, चेयरमैन
चढदीकला मीडिया ग्रुप
चढ़दीकला मीडिया ग्रुप हरियाणा की और से सभी पाठकों एवं विज्ञापनदाताओं को बैसाखी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
डा. के.के.संधू
डायरेक्टर एवं संपादक
चढदीकला मीडिया ग्रुप, हरियाणा


हल्का इंद्रीवासियों व प्रदेशवासियों को
बैसाखी पर्व एवं
डॉ. भीमराव अम्बेड़कर जयंती
की हार्दिक शुभकामनाएं
निवेदक :- रामकुमार कश्यप, विधायक इंद्री
एवं चीफ व्हीप विधानसभा हरियाणा

GYAN BHARTI PUBLIC SCHOOL
Affiliated to CBSE, Nur to 10+2
GYAN BHARTI COLLEGE OF EDUCATION
INDRI, KARNAL
आप सभी देशवासियों को
बैसाखी पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
CHAIRMAN : ASHWANI KAMBOJ
Mob : 98960-10790

THE PREM PLAZA
Celebrate
Baisakhi
with Taste, Tradition
& Togetherness
Wishing You a Very
Happy Baisakhi

PACHI
Prem Bagh
24 Carat Restaurant
PP High Rooftop Lounge
Railway Road, Karnal
www.premplazahotel.com

BOBY PROPERTIES
REAL ESTATE AND FINANCE ADVISOR
की ओर से सभी प्रदेशवासियों को
बैसाखी पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
हमारे यहां मकान, दुकान, जमीन बेचने व खरीदने के लिए संपर्क करें।
MR. VIPIN GOEL (BOBY)
M: 98960-21972
OFFICE ADDRESS - NEAR BIKANER SWEET GURDYAL COLONY, INDRI

बजाज पैलेस, इंद्री
की ओर से सभी प्रदेशवासियों को
बैसाखी पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
सुदर्शन बजाज, इंद्री

सभी प्रदेशवासियों को
बैसाखी पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
संजीव कुमार गोयल
अभिषेक गोयल
मैसर्ज ठक्कर एग्रो फूड इंद्री, करनाल
एन.के ट्रेडर्स अनाज मंडी, इंद्री
मो: 98960-82172

Keep Cool ... Keep Happy ...
MILAN'S icecream
मिलन आईसक्रीम
की ओर से बैसाखी पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
नोट : विवाह पार्टियों में बुकिंग के लिए सम्पर्क करें :-
Behind Civil Hospital Anaaj Mandi Road, Indri
Contact No. 94162-18471

श्री खाटू श्याम मंदिर ट्रस्ट
पुरानी अनाज मंडी, करनाल (हरियाणा)
बैसाखी पर्व
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा

देसराज गुप्ता
मुख्य सेवक
श्री खाटू श्याम मंदिर ट्रस्ट, करनाल

KAD IMMIGRATION SERVICES
क्या आप बेड़ियों में जकड़ कर वापिस आना चाहते हो ?
क्या आप विदेश में जाकर भारत माता का अपमान करना चाहते हो ?
क्या आप मां-बाप का लाखों रुपया बर्बाद करना चाहते हो ?
क्या आप अपने मां-बाप के सुनहरे सपनों को ध्वस्त करना चाहे हो ?
यदि नहीं, तो:
BE AWARE – STAY SAFE FROM FRAUD AGENTS!
Your dream to study, work or settle abroad deserves the right guidance.
TRUSTED SOURCES ONLY
The Ministry of External Affairs (Government of India) clearly states:
"The issue of license to agents dealing with visa processing is issued by the respective foreign government."
HOW TO IDENTIFY FRAUD AGENTS
× No license or registration number × False promises of guaranteed visas or jobs
× Fake offer letters or forged documents
Always Remember
Seek services only from foreign government-regulate immigration consultants and internationally certified education counsellors.
Contact for Genuine Guidance
Dr. Arvind Kadian
Managing Director
Dr. Arvind Kumar Kadian, Immigration attorney & Director, KAD Immigration Services, Regulated Canadian Immigration Consultant (RCIC), ICEF Certified International Education Counsellor, Former Principal (Department of Higher Education, Haryana)
CANADA UK GERMANY AUSTRALIA
# 6, Old Tehsil Complex, Karnal, Haryana
Email: info@kadimmigration.ca Website: www.kadimmigration.ca
Ph: 91 9416075228, 91 7027575228

# संसद नया इतिहास रचने के करीब जो अतीत की संकल्पनाओं को करेगा साकार

## महिलाओं की भागीदारी देश के लोकतंत्र को करती है मजबूत - पीएम मोदी



**नई दिल्ली 13 अप्रैल ( निस )** पीएम नरेंद्र मोदी ने लोकतांत्रिक ढांचे में महिलाओं के लिए आरक्षण की जरुरत पर बल दिया है। सोमवार को नई दिल्ली में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी देश के लोकतंत्र को मजबूत करती है। उन्होंने कहा कि भारत की नारी शक्ति ने इसमें महत्वपूर्ण योगदान दिया है और संसद के बजट सत्र का विशेष सत्र इसी महीने की 16 तारीख से होने जा रहा है।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पीएम मोदी ने कहा कि हमारे देश की संसद एक नया इतिहास रचने के करीब है। एक ऐसा नया इतिहास, जो अतीत की संकल्पनाओं को साकार करेगा, जो भविष्य के संकल्पों को पूरा करेगा। एक ऐसे भारत का संकल्प जो समतामूलक हो, जहां सामाजिक न्याय केवल एक नारा न हो, बल्कि हमारी कार्य संस्कृति का, हमारी निर्णय प्रक्रिया का स्वाभाविक हिस्सा हो। राज्यों की विधानसभाओं से लेकर देश की संसद तक दशकों की प्रतीक्षा के अंत का समय 16,17,18 अप्रैल है। उन्होंने कहा कि 2023 में नई संसद में हमने नारीशक्ति वंदन अधिनियम के रूप प्रथम कदम उठाया था। वह समय से लागू हो सके, महिलाओं की भागीदारी हमारे लोकतंत्र को मजबूती दे, इसके लिए 16 अप्रैल से संसद के बजट सत्र की विशेष बैठक होने जा रही है और उससे पहले आज नारी शक्ति वंदन का ये कार्यक्रम, इसके जरिए हमें देश की कोटि-कोटि माताओं बहनों का आशीर्वाद मिल रहा है। पीएम ने कहा कि आप सभी देश के कोने-कोने से आई हैं। आपकी इस उपस्थिति के लिए, इस अहम काम के लिए आपने जो समय निकाला है, उसके लिए मैं आप सबका हृदय से अभिनंदन करता हूं। साथ ही भारत की सभी महिलाओं को एक नए युग के आगमन की बधाई भी देता हूं। पीएम मोदी ने कहा कि लोकतांत्रिक संरचना में महिलाओं को आरक्षण देने की जरूरत दशकों से हर कोई महसूस कर रहा था। इस विमर्श को करीब 4 दशक बीत गए। इसमें सभी पार्टियों के और कितनी ही पीढ़ियों के प्रयास शामिल हैं। हर दल ने इस विचार को अपने-अपने ढंग से आगे बढ़ाया है। उन्होंने देश की गरिमा और गौरव, दोनों को बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में महिला नेतृत्व का एक बेहतरीन उदाहरण पंचायती राज संस्थाएं भी हैं। आज भारत में 14 लाख से अधिक महिलाएं लोकल गवर्नमेंट बॉडीज में सफलतापूर्वक काम कर रही हैं। करीब 21 राज्यों में तो पंचायतों में उनकी भागीदारी करीब-करीब 50फीसदी तक पहुंच चुकी है।

# गुरु साहिबानों के सिद्धांतों एवं शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर काम कर रही हैं सरकार - नायब सिंह सैनी

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बैसाखी महोत्सव 2026 के राज्य स्तरीय समारोह में की शिरकत



**चंडीगढ़, 13 अप्रैल ( के.के.संधू )** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि देश व प्रदेश की सरकार गुरु साहिबानों के सिद्धांतों एवं शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर काम कर रही हैं। ऐसा करके गुरु परंपरा और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन को आगे बढ़ाया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी सोमवार को कुरुक्षेत्र के केडीबी मेला ग्राउंड में कला एवं सांस्कृतिक विभाग एवं जिला प्रशासन के तत्वाधान में आयोजित बैसाखी महोत्सव 2026 के राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यातिथि के रूप में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सिख इतिहास पर आधारित व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों व योजनाओं की प्रदर्शनी का शुभारंभ भी किया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने महिला व पुरुषों की दंगल प्रतियोगिता को शुरू करवाया और पतंग उड़ाकर अंतरराष्ट्रीय पतंग प्रतियोगिता का भी शुभारंभ किया। इसके साथ ही हरियाणवी संस्कृति पर आधारित हरियाणा विरासत पवेलियन का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने इस मौके पर सबको बैसाखी के पावन पर्व की बधाई दी। इसके साथ ही खालसा पंथ के स्थापना दिवस पर महान गुरुओं के चरणों में नमन किया। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज को सिख संगत की तरफ से कृपाण, सरोपा तथा खंडा साहिब का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भारत एक नए युग की ओर अग्रसर है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमें गुरु साहिबान की शिक्षाओं, एकता, समर्पण, सेवा और परिश्रम को अपने जीवन में अपनाना होगा। हम सभी को मिलकर ऐसा समाज बनाना होगा, जहां सभी को समान अवसर मिले, जहां कोई भेदभाव न हो और जहां हर व्यक्ति को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार हो। उन्होंने कहा कि इन सभी प्रयासों का उद्देश्य केवल विकास करना नहीं है, बल्कि अपनी जड़ों से जुड़े रहना, अपनी संस्कृति को संजोना और आने वाली पीढ़ियों को अपने गौरवशाली इतिहास से परिचित कराना है। जब हम अपने अतीत से प्रेरणा लेते हैं, तभी हम एक उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र की इस कर्मभूमि पर बैसाखी के पावन पर्व पर आप सबके बीच आकर बड़ी खुशी हो रही है। यह वह धरा है, जो धर्म और कर्म की धरती के रूप में जानी जाती है। बैसाखी का पर्व हमें प्रकृति के साथ जुड़ने, श्रम के सम्मान को समझने और समृद्धि का उत्सव मनाने की प्रेरणा देता है। जब खेतों में लहराती फसलें पककर तैयार होती हैं, तो किसान का हृदय गर्व और आनंद से भर उठता है। और उसी खुशी को हम सब मिलकर बैसाखी के रूप में मनाते हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि बैसाखी का यह पावन दिन हमारे इतिहास का एक अत्यंत महत्वपूर्ण अध्याय भी समेटे हुए है। वर्ष 1699 में इसी दिन आनंदपुर साहिब की पवित्र धरती पर दशम पातशाह सरबंसदानी श्रीगुरु गोबिंद सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। उस समय देश में अन्याय, अत्याचार और अधर्म अपने चरम पर था। ऐसे कठिन समय में गुरु साहिब ने खालसा पंथ की स्थापना करके समाज को एक नई दिशा दी। एक ऐसी दिशा, जिसमें साहस, समानता, आत्मसम्मान और राष्ट्रभक्ति की भावना थी।मुख्यमंत्री ने कहा कि खालसा पंथ की स्थापना के समय गुरु साहिब ने पांच प्यारों को चुना, जो विभिन्न जातियों और क्षेत्रों से थे। यह अपने आप में सामाजिक समानता और भाईचारे का एक अद्भुत संदेश था। एक ही बर्तन से अमृत पिलाकर उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया कि मानव-मानव में कोई भेद नहीं है। यह पर्व हमें सिखाता है कि विविधता में एकता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है।

### 5 मई को कुरुक्षेत्र से संगत को लेकर श्री नादेड़ साहिब के दर्शन के लिए रवाना होगी ट्रेन


**5 मई को कुरुक्षेत्र से संगत को श्री नांदेड़ साहिब के दर्शन के लिए रवाना होगी ट्रेन** - मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के आगामी 5 मई को कुरुक्षेत्र से श्री नांदेड़ साहिब के लिए ट्रेन रवाना की जाएगी। इससे पहले, गत 28 मार्च को 700 से ज्यादा श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम के दर्शनों के लिए अंबाला से ट्रेन रवाना की गई थी। उन्होंने कहा कि वैसाखी

# पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस पर राजनाथ सिंह ने दिया भरोसा,कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं होगी




**नई दिल्ली 13 अप्रैल ( निस ):** पश्चिम एशिया में जारी तनाव और वैश्विक अस्थिरता के बीच केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने साफ किया है कि देश में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस (एलपीजी) की कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि अमेरिका-ईरान के बीच बढ़ता तनाव गंभीर चिंता का विषय है, लेकिन भारत संकट से सुरक्षित है। उन्होंने इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सक्रिय विदेश नीति और अन्य देशों के साथ मजबूत संबंधों को दिया। दुनिया भर में ऊर्जा संकट गहरा रहा है और कई देशों में ईंधन की भारी किल्लत है, लेकिन भारत की कूटनीतिक जीत यह है कि हमारे जहाज आज भी होर्मुज की खाड़ी से सुरक्षित गुजर रहे हैं।केंद्रीय रक्षा मंत्री सिंह ने उन तत्वों पर भी निशाना साधा जो तेल की कीमतों को लेकर जनता के बीच भ्रम फैला रहे थे। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने होर्डिंग और विज्ञापनों के जरिए दुष्प्रचार करने की कोशिश की, इन दावों को जनता ने सिरे से नकार दिया है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि मोदी सरकार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा और घरेलू अर्थव्यवस्था के संतुलन को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ के बारे में बात कर सिंह भावुक नजर आए। उन्होंने शहर के साथ अपने गहरे जुड़ाव का जिक्र कर कहा कि लखनऊ उनके दिल में बसता है। उन्होंने पिछले एक दशक में शहर के बुनियादी ढांचे में हुए बदलावों की सराहना की।

# सोनियां गांधी ने महिला आरक्षण को लेकर केंद्र सरकार की मंशा पर उठाए सवाल



**नई दिल्ली 13 अप्रैल ( निस ):** कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनियां गांधी ने महिला आरक्षण को लेकर केंद्र सरकार की मंशा पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने दावा किया कि महिला आरक्षण के बहाने सरकार का असली एजेंडा परिसीमन है, जिस पर अब तक स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई है। कांग्रेस नेत्री सोनियां गांधी ने अपने एक लेख में कहा, कि प्रधानमंत्री विपक्ष से उन विधेयकों का समर्थन मांग रहे हैं, जिन्हें संसद के विशेष सत्र में जल्दबाजी में पारित कराने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने इस बात पर भी सवाल उठाया कि जब तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार अपने चरम पर है, तब इस विशेष सत्र को बुलाने की क्या आवश्यकता थी? सोनिया गांधी ने कहा, यह पूरा कदम राजनीतिक लाभ हासिल करने के उद्देश्य से उठाया गया है। उन्होंने याद दिलाया कि सरकार 2023 में ही 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पारित कर चुकी है, लेकिन इसे लागू करने की शर्त अगली जनगणना और परिसीमन से जोड़ी गई है। ऐसे में उन्होंने कहा कि वर्तमान सत्र में महिला आरक्षण नहीं, बल्कि परिसीमन असली मुद्दा है, जो संविधान के लिए चिंताजनक हो सकता है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि विपक्ष पहले ही मांग कर चुका है कि महिला आरक्षण को 2024 के आम चुनाव से लागू किया जाए। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी साल 2024 में इस संबंध में सरकार से आग्रह किया था, लेकिन इसे स्वीकार नहीं किया गया। अब सरकार अनुच्छेद 334-ए में संशोधन कर इसे 2029 से लागू करने की तैयारी कर रही है।

# महान गायिका आशा भौंसले राजकीय सम्मान के साथ पंचतत्व में विलीन



मुम्बई 13 अप्रैल (निस) भारतीय संगीत जगत के एक स्वर्णिम युग का आज अंत हो गया। अपनी जादुई आवाज से सात दशकों तक दुनिया को मंत्रमुग्ध करने वाली आशा भोसले की अंतिम यात्रा आज मुंबई में निकाली जा रही है। तिरंगे में लिपटी उनकी देह और सफेद फूलों से सजी उनकी अंतिम विदाई की तस्वीरें हर भारतीय की आंखों को नम कर रही हैं।सितारों से लेकर आम प्रशंसकों तक की उमड़ी भीड़- आशा जी के निवास स्थान पर सुबह से ही उनके अंतिम दर्शन के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा। खेल जगत के दिग्गज सचिन तेंदुलकर, जो आशा जी को अपनी मां समान मानते थे श्रद्धांजलि देते समय अपने आंसू नहीं रोक पाए। उनके अलावा अभिनेत्री तबू और आशा पारेख समेत फिल्म जगत की तमाम बड़ी हस्तियां उन्हें अंतिम विदाई देने पहुंचीं।हर पीढ़ी की आवाज थी आशा ताई-आशा भोसले का जाना केवल संगीत जगत की क्षति नहीं है बल्कि करोड़ों लोगों के लिए एक व्यक्तिगत दुख है। उन्होंने हर दौर के साथ खुद को ढाला। क्लासिकल गानों से लेकर फुट-टैपिंग पॉप और कैबरे तक उन्होंने हर विधा में महारत हासिल की। उनका करियर हमें सिखाता है कि समय के साथ खुद को बदलना ही असली सफलता है।



# सम्पादकीय

## अमेरिका और इजराइल पर ईरान को रत्ती भर भरोसा नहीं?

पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में पहली बार अमेरिका और ईरान के बीच आमने-सामने वार्ता हुई। इस बातचीत को लेकर अमेरिका और ईरान के जो प्रतिनिधि मंडल पाकिस्तान पहुंचे थे, उनमें आपसी सहमति नहीं बन पाई। बिना किसी निष्कर्ष पर पहुंचे यह बातचीत पूरी तरह से बेनतीजा रही। शनिवार को ईरान ने लेबनान पर हमले रोकने की शर्त रखी। अमेरिका ने इस पर चुप्पी साध रखी। दोनों देशों के प्रतिनिधि मंडल की सीधी वार्ता में राजनीतिक, सेना और अर्थव्यवस्था के मुद्दों पर चर्चा हुई। अमेरिका की ओर से ईरान द्वारा पेश किए गए मुद्दों के किसी एक पर ऐसी कोई रुचि नहीं दिखाई, जिसे ईरान स्वीकार कर सके। अमेरिका का जो प्रतिनिधिमंडल आया था, वह भी हार्मोज को खोलने के लिए अड़ा रहा। अमेरिका के इस प्रस्ताव को ईरान के प्रतिनिधि मंडल ने नहीं माना। ईरान का कहना था, सारे मुद्दों पर एक साथ बातचीत हो। एक साथ निर्णय लिए जाएं। ईरान पहले भी इस बात को कह चुका था। वह युद्धविराम के पक्ष में नहीं है। वह चाहता है, स्थाई रूप से युद्ध रुके। जो भी विवाद के कारण हैं, उन्हें दोनों पक्ष आपस में मिलकर सुलझायें। पाकिस्तान में हुई इस वार्ता में सबसे बड़ा अड़ंगा इजराइल ने लगा रखा था। इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहु लेबनान को निशाने पर रखना चाहते थे। दोनों ही पक्ष अपना-अपना प्रेशर एक दूसरे पर बनाते रहे। इस बैठक में चीन और पाकिस्तान की कोई प्रत्यक्ष भूमिका नहीं थी। यदि होती तो कुछ ना कुछ समझौते की राह निकलती। दोनों ही पक्ष इसे अपनी हार और जीत के रूप में देख रहे थे। पाकिस्तान मे हुई वार्ता बेनतीजा रही। इसकी मुख्य वजह अमेरिका और इजराइल का इतिहास रहा है, इन्होंने हमेशा युद्ध विराम की आड़ में धोखा किया है। ईरान के साथ भी कई बार धोखा हो चुका है। जिसके कारण ईरान इस बार पूरी तरह से सतर्क था। अमेरिका-इजरायल द्वारा ईरान पर जो संयुक्त रुप से हमला किया गया है, उसमें ईरान को बहुत अधिक नुकसान हुआ है, इससे इंकार भी नहीं किया जा सकता है। ईरान अब आर-पार की लड़ाई लड़ने में आ गया है। सौ सुनार की और एक लोहार की तर्ज पर इस समय ईरान का वार अमेरिका और इजराइल पर भारी पड़ा है। ईरान को अच्छी तरह से मालूम था, यह बातचीत बेनतीजा रहेगी। इसलिए उसने अपनी युद्ध की तैयारी में जरा भी कोताही नहीं बरती। ईरान विश्व को यह बताने से भी नहीं चूका, कि वह शांति के पक्ष में है। युद्ध विराम के बाद जब इजराइल ने लेबनान पर हमले किए, इसका जवाब ईरान ने हिजबुल्ला के माध्यम से इजराइल को देकर वहां पर भारी तबाही मचा दी है। जो राजनीति अभी तक अमेरिका और इजराइल मिलकर ईरान के साथ कर रहे थे, वही फार्मूला अब ईरान ने भी अपना लिया है। अमेरिका इस युद्ध में बुरी तरह से फंसा हुआ है। अमेरिका युद्ध से बाहर निकलना चाहता है। इजराइल के दबाव में वह बाहर नही निकल पा रहा है। ऐसी स्थिति में संभावना व्यक्त की जा रही है, जल्द ही अमेरिका समझौता के लिए नए रास्तों की तलाश करेगा। अमेरिका में जिस तरह से महंगाई एवं बेरोजगारी बढ़ रही है, उससे निपटने के लिए युद्ध बंद करना बहुत जरूरी हो गया है। इसके अलावा कुछ महीनो में अमेरिका में कुछ राज्यों में चुनाव होने जा रहे हैं, उसके पहले ट्रंप को अपनी स्थिति को मजबूत करना है। जिस तरह से अमेरिका और इजराइल की जनता सड़कों पर उतरकर विरोध कर रही है। उसके बाद अमेरिका और इजराइल के पास अन्य कोई विकल्प भी नहीं बचा है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू अपने जीवन की सबसे कठिन पारी को खेल रहे हैं। युद्ध बंद होने की दशा में उन पर अंतरराष्ट्रीय अदालत और इजराइल की अदालत में मुकदमा चलना तय है। उनके ऊपर भ्रष्टाचार के बड़े आरोप हैं। उससे बचने के लिए उन्होंने पिछले 3 वर्षों से फिलिस्तीन, गाजा, लेबनान एवं अन्य देशों पर जिस तरह के हमले किए हैं, उन्होंने अपनेआप को बचाने के लिए तबाही मचा रखी है। अब जिस तरह की स्थिति बनी है, उसके बाद अमेरिका और इजराइल को भविष्य का ध्यान रखते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लेने पड़ेंगे। जिस तरह से इजराइल में तबाही हुई है। उसके बाद वहां की जनता भी सड़कों पर आकर नेतन्याहू को हटाने की मांग कर रही है। जनता के गुस्से को कब तक नेतन्याहू काबू में रख पाएंगे, कितने समय तक बचे रहेंगे। यह कहना बड़ा मुश्किल है। भारतीय संदर्भ में कहा जाए तो इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने जिस तरह छोटे-छोटे बच्चे-बच्चियों, महिलाओं, और बीमारों को मौत के घाट उतारा है, उसके बाद उनके पाप का घड़ा पूरी तरह से भर चुका है। जिस तरह का अहंकार उनमें दिख रहा है। उसको देखते हुए कहा जा सकता है, कि वह ज्यादा दिनों के मेहमान नहीं है। इस वार्ता के विफल होने से एक बार फिर दुनिया के देश, युद्ध के मुहाने पर खड़े हो गए हैं। ऊर्जा संकट और आयात-निर्यात व्यापार में बाधा बने हुये हैं। 100 से अधिक देशों पर इसका दुष्प्रभाव देखने को मिल रहा है। आशा की जा सकती है, जल्द से जल्द वैश्विक स्तर पर इस युद्ध को बंद कराने के लिए हर देश को हर संभव प्रयास करने होंगे। यदि ऐसा नहीं हुआ तो भविष्य में स्थिति बेहद चिंताजनक होगी।

# समाजिक न्याय एवं समानता के पुरोधा पुरुष थे डा. अम्बेदकर साहिब

– मुस्ताअली बोहरा

भारत रत्न, बोधिसत्व, महान मर्मज्ञ, अर्थशास्त्री, संविधान शिल्पी, आधुनिक भारत की नींव रखने वाले, इतिहास के ज्ञाता, तत्वज्ञानी, मानव शास्त्र के ज्ञाता, कानूनविद, मानवाधिकार के संरक्षक, धर्म व दर्शन के विद्वान, पाली साहित्य के अध्ययनकर्ता, महान लेखक, समाज सुधारक, राजनीतिज्ञ, संपादक, बौद्ध साहित्य के अध्ययनकर्ता, मजदूरों के मसीहा, इतिहासविद, प्रोफेसर, शिक्षाविद्, चिंतक, समाज सुधारक, पर्यावरणविद्, वक्ता, दार्शनिक, बहुभाषाविद्, संपादक, आजाद भारत के पहले कानून मंत्री बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी डॉ. भीमराव आंबेडकर जिन्हें पूरी दुनिया प्यार और सम्मान के साथ बाबा साहब के नाम से पुकारती है। बाबा साहब, लाखों लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत और राष्ट्रीय प्रतीक या रोल मॉडल बन गए। डॉ. भीमराव अंबेडकर का जीवन साहस, संघर्ष और सामाजिक बदलाव की मिसाल है। भीवा से डॉ भीमराव अंबेडकर बनने तक का सफर आसान नहीं था लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी। जिस बच्चे को कभी स्कूल में कक्षा के भीतर बैठने तक नहीं दिया जाता था बाद में वही बच्चा देश का पहला कानून मंत्री बना। डॉ. भीमराव अम्बेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को ब्रिटिश भारत के मध्य भारत प्रांत (अब मध्य प्रदेश) में स्थित महू नगर सैन्य छावनी में हुआ था। उनके बचपन का नाम भिवा था। वे रामजी मालोजी सकपाल और भीमाबाई मुरबादकर की 14 वीं और अंतिम संतान थे। डॉ. बाबा साहब अंबेडकर के पिता ब्रिटिश सेना में सूबेदार थे। बाबा साहेब का परिवार कबीर पंथ को मानने वाला मराठी मूल का था और वो वर्तमान महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले में आंबडवे गाँव के निवासी थे।



भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर एक शख्सियत.... ऐसा किरदार जिनके जीवन, उपलिब्ध, समाज में योगदान को आसानी से समझना हो तो कुछ इस तरह से समझा जा सकता है कि, जिनके पूर्वज कभी उन्हें क्लास रूम में अपने साथ नहीं बिठाते थे, जिनके साथ कभी पानी का जग साझा नहीं करते थे वही आज उनकी मूर्तियां बना रहें हैं। जो उच्च समाज उन्हें अछूत कहकर अपमानित करता था वही आज उनकी मूर्तियों पर पुष्पांजलि अर्पित करने को उतावला रहता है। उत्तर प्रदेश के योगी सरकार ने तो घोषणा की है कि इस साल बाबा साहब की हर प्रतिमा पर छत्र बनाया जाएगा, जिस पार्क में बाबा साहब की प्रतिमा है उसका सौंदर्यीकरण किया जाएगा। पूरे प्रदेश में सामाजिक न्याय के कार्यक्रम होंगे। मध्यप्रदेश की मोहन सरकार ने भी घोषणा की है कि बाबा साहब की जयंती पर आधा सैक?ा से ज्यादा कैदियों को समयपूर्व रिहा किया जाएगा। यानि, हर कोई बाबा साहब का खैरख्वाह बनने की हो?

में है। खैर, बाबा साहब ने हर वर्ग और तबके की भलाई के लिए काम किया है। खासकर अपने समाज को ऊंचा उठाने, दलित समाज के लोगों की शिक्षा, उनके सामाजिक और आर्थिक विकास, समाज में उनके सम्मान और बराबरी के हक के लिए ताउम्र संघर्ष करते रहे। बाबा साहेब दलितों में चेतना जगाने में सफल रहे, दलितों के मन से हीन भावना निकालने में भी कामयाब रहे लेकिन सवर्ण समाज के लोगों के मन से श्रेष्ठ या बेहतर होने की मानसिकता को खत्म नहीं कर सके। सवर्ण समाज ने उनके बराबरी के सिद्धांत को नहीं स्वीकारा। बाबा साहब ने दलित और शोषित समाज के लिए संविधान में भी कई चीजों को शामिल किया, वे ये चाहते थे कि कानून को सहीं तरीके से लागू किया जाए ताकि अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंच सके। इसी से पता चलता है कि बाबा साहब केवल अपने समाज या दलितों के लिए ही नहीं सोचते थे बल्कि सभी शोषित, मजलूम और कमजोर वर्ग के तबके के लिए उनकी चिंता थी।

बाबा साहब ने तो सवर्ण महिलाओं के लिए भी चिंता जताई थी। ये भी विडम्बना ही है कि समाज का उच्च वर्ग बाबा साहब की नेक मंशा और उनके उसूलों को समझ नहीं पाया। इसके अलावा बाबा साहब ने जो अलख जगाई थी उसे दलित समाज का ही कोई अन्य नेता प्रज्वलित नहीं रख सका। समाज के अंदर की खेमेबाजी, राजनीतिक कूटचाल, भीतरी कलह, पदलोलूपता की वजह से दलित समाज को काशीराम के बाद कोई नेतृत्व नहीं मिल सका। काशीराम ने खासी मेहनत की और वे कुछ हद तक कामयाब रहे। एक ब? राजनीतिक मंच के तौर पर काशीराम ने राष्ट्रीय स्तर पर बहुजन समाज पार्टी को स्थापित किया। हालांकि, आरपीआई सहित लगभग सभी पार्टियाँ कुछ कामयाबी के बाद ही अपने रास्ते से भटक गईं और अपने मूल मकसद में कामयाब नहीं हो सकीं। एक खास बात और, दलित समाज में उंच-नींच का भेद पनपने लगा। इस समाज के जो लोग उच्च पदों पर आसीन हो गए उन्होंने अपने ही समाज के लोगों को आगे ब?ने की बजाए उनसे ही भेदभाव शुरू कर दिया। उच्च शिक्षित या आर्थिक रूप से सम्पन्न लोग समाज के ही कमजोर लोगों को कमतर समझने लगे हैं। आज जरूरत इस बात की है कि सिर्फ बाबा साहब को ही नहीं मानें बल्कि बाबा साहब की भी मानें। जय भीम का नारा लगाकर हम खुद को उनका अनुयायी तो बता सकते हैं लेकिन बाबा साहब का सपना तो तभी साकार होगा जब हम उनके बताए रास्ते पर चलेंगे, हम उनके आदर्शों को आत्मसात करेंगे, हम कमजोर-शोषित-पी?ित और आर्थिक रूप से पिछ? तबके इस इस तबके के लोगों का हाथ पक?कर उसे सहारा देगें अन्यथा बाबा साहब की जयंती और महापरिनिर्वाण दिवस मनाकर ही इतिश्री हो जाएगी।

डॉ अंबेडकर के राष्ट्र प्रेम का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वो भारत को विभाजित नहीं देखना चाहते थे। भारत को दो हिस्सों में बांटने की अंग्रेजों की साजिश से वे नाराज थे। इतना ही नहीं महात्मा गांधी, जवाहर लाल नेहरू और मोहम्मद अली जिन्ना की भी आलोचना की। पाकिस्तान के विभाजन को लेकर 'थॉट्स ऑन पाकिस्तान' के नाम से किताब भी लिखी थी। बाबा साहब का नजरिया दूरंदेशी था। वे समग्र विकास को तरजीह देते थे। उन्होंने ही औद्योगीकरण और कृषि निवेश की वकालत की। अल्प आय वर्ग के लिए आयकर का विरोध किया और भूमि सुधारों का समर्थन किया। उन्होंने महिलाओं के आर्थिक अधिकारों की की भी वकालत की।

बाबा साहब का मानना था कि धर्म मनुष्य के लिए है। अम्बेडकर ने कहा कि ऐसे धर्म का कोई मतलब नहीं जिसमें मनुष्यता का कुछ भी मूल्य नहीं। आम्बेडकर जी ऐसे धर्म को चुनना चाहते थे जिसका केन्द्र मनुष्य और नैतिकता हो, उसमें स्वतंत्रता, समता तथा बंधुत्व हो। भीमराव आंबेडकर ने 13 अक्टूबर 1935 को नासिक के निकट येवला में एक सम्मेलन में धर्म परिवर्तन करने की घोषणा की। उन्होंने कहा था, हालांकि मैं एक अछूत हिन्दू के रूप में पैदा हुआ हूं, लेकिन मैं एक हिन्दू के रूप में हरगिज नहीं मरूंगा। इसके साथ ही उन्होंने अपने अनुयायियों से भी हिंदू धर्म छो?कर कोई और धर्म अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने धर्म परिवर्तन की घोषणा करने के बाद 21 साल तक विश्व के सभी प्रमुख धर्मों का गहन अध्ययन किया। अम्बेडकर बौद्ध धर्म को पसन्द करते थे क्योंकि उसमें तीन सिद्धांतों का समन्वित रूप मिलता है जो किसी अन्य धर्म में नहीं मिलता। बौद्ध धर्म प्रज्ञा (अंधविश्वास तथा अति प्रकृतिवाद के स्थान पर बुद्धि का प्रयोग), करुणा (प्रेम) और समता (समानता) की शिक्षा देता है। उनका कहना था कि मनुष्य इन्हीं बातों को शुभ तथा आनंदित जीवन के लिए चाहता है। उनके अंतिम प्रसिद्ध ग्रंथ द बुद्ध एंड हिज धम्म की प्रस्तावना में उन्होंने लिखा हैं कि मैं बुद्ध के धम्म को सबसे अच्छा मानता हूं।

# बैसाखी पंजाब का प्रसिद्ध त्यौहार एवं खालसा पंथ की स्थापना

– डॉ. श्रीगोपाल नारसन

बैसाखी सिखों का पवित्र त्योहार है।सन1699 में इसी दिन गुरु गोबिंद सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। इस पंथ की स्थापना का लक्ष्य धर्म और नेकी के रास्ते पर चलना और उसका पालन करना है। किसान अपनी फसल काटने की खुशी में यह त्योहार मनाते हैं , पंजाब में इस दिन गिद्दा-भांग?ा किया जाता है। इस दिन को सिक्खों के नए साल के रूप में भी मनाये जाने की भी परंपरा है।बैसाखी, जिसे मेष संक्रांति भी कहा जाता है,भारतीय भारतीय समाज की संस्कृति और परंपराओं से गहराई से जुड़ा हुआ है। यह दिन न केवल कृषि क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि सिखों के लिए एक ऐतिहासिक और धार्मिक दिवस है। इस दिन का उत्सव कृषि, समाज, और धर्म के संगम का प्रतीक है, जहां लोग खुशी और समृद्धि की कामना करते हैं और सामाजिक एकता को बढ़ावा देते हैं। बैसाखी का पर्व भारतीय संस्कृति की विविधता और एकता को प्रदर्शित करने वाला एक महत्वपूर्ण पर्व है। इस साल यह पर्व 13 अप्रैल, को मनाया जा रहा है। इस दिन की महत्ता कृषि क्षेत्र में काम करने वाले किसानों के लिए बहुत अधिक है, क्योंकि यह नई फसल की बुवाई और कटाई का समय होता है। यह दिन खुशहाली और समृद्धि का प्रतीक है।बैसाखी पर सिख धर्मावलंबी गुरुद्वारों में विशेष पूजा और अरदास करते हैं। इस दिन विशेष रूप से गुरुद्वारों में भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाता है और नगर कीर्तन की परंपरा निभाई जाती है। लोग इस दिन को अपने पवित्र कर्तव्यों को याद करने, गुरु के बताए मार्ग पर चलने और धर्म के प्रति अपनी आस्था को और गहरा



करने का अवसर मानते हैं। बैसाखी का पर्व सिख धर्म के लिए एक समय होता है जब वे अपने गुरु की शिक्षा और खालसा पंथ के महत्व को मानते हुए एकजुट होते हैं और समाज में शांति, भाईचारे और समानता का प्रचार करते हैं।

बैसाखी रबी की फसल उत्सव है, जिसका कृषि महत्व के साथ-साथ धार्मिक महत्व भी है। यह त्योहार भगवान इंद्र की पूजा से जुड़ा है, जिन्हें बारिश और उर्वरता का देवता माना जाता है। इस दिन, किसान अपनी भरपूर फसल के लिए भगवान इंद्र को धन्यवाद देते हैं और अपनी भविष्य की फसलों के लिए अच्छी बारिश की प्रार्थना करते हैं। बैशाखी के दिन की शुरुआत गंगा नदी या अन्य पवित्र नदियों में पवित्र डुबकी लगाने से होती है, इसके बाद गुरुद्वारों में जाकर प्रार्थना की जाती,मत्था टेका जाता है। लोग नए कपड़े पहनते हैं और अपने प्रियजनों के साथ मिठाइयाँ और उपहारों का आदान-प्रदान करते हैं।बैसाखी के मुख्य अनुष्ठानों में से भांगड़ा और गिद्दा का प्रदर्शन भी है, जो पारंपरिक पंजाबी नृत्य हैं। जिसके माध्यम से फसल के मौसम की खुशी और उत्सव को दर्शाते हैं। इस अवसर पर लोग विशेष व्यंजन भी तैयार करते हैं जैसे लंगर, गुरुद्वारों में परोसा जाने वाला सामुदायिक भोजन, और खीर, ताजा गुड़ से बना मीठा चावल का हलवा बनाया जाता है।बैसाखी सिर्फ एक त्योहार नहीं है; बल्कि यह लोगों के जीवन में खुशियों का प्रतीक है। यह सिख धर्म मे नए साल की शुरुआत का प्रतीक है और एक नए कृषि मौसम की शुरुआत का भी प्रतिनिधित्व करता है। यह त्योहार इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह सन 1699 में गुरु गोबिंद सिंह जी द्वारा खालसा पंथ के गठन की याद दिलाता है। इसलिए, बैसाखी को खुशी, आशा और नई शुरुआत के दिन के रूप में मनाया जाता है।बैसाखी पर्व, जो व्यक्तियों को अपनी यात्रा पर विचार करने, नकारात्मकता को त्यागने और सकारात्मकता को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करती है।बैसाखी भरपूर फसल के लिए कृतज्ञता की भावना, समुदाय की भावना को बढ़ावा देने और लोगों के बीच खुशियों को साझा करने की भावना का प्रतीक है। यह श्रम के फल का आनंद लेने, ढोल की थाप पर नृत्य करने और शानदार पारंपरिक व्यंजनों का आनंद लेने का समय है।एक बार 10वें सिख गुरु ने पूछा कि हजारों की भीड़ में कौन धर्म के लिए मरने को तैयार है। आखिरकार पाँच लोग स्वेच्छा से आगे आए और गुरु गोबिंद सिंह ने उन्हें बपतिस्मा दिया, जिसके बाद वे खालसा समूह के पहले पाँच सदस्य यानि पंच प्यारे बन गए।

# आशा भौंसले: जिसने भारतीय संगीत को दी नई पहचान

आशा भोसले- सुरों की ऐसी यात्रा जिसने भारतीय संगीत को दी नई पहचान (लेखक- डॉ. हिदायत अहमद खान / ईएमएस)

भारतीय संगीत के इतिहास में कुछ ही कलाकार ऐसे हुए हैं जिन्होंने अपनी प्रतिभा, प्रयोगशीलता और दीर्घकालिक योगदान से समय की सीमाओं को लांघा और अमर हो गए। ऐसी ही एक महान हस्ती का नाम आशा भोसले है, जिनकी आवाज़ ने न केवल हिंदी सिनेमा को समृद्ध किया, बल्कि 20 से अधिक भाषाओं में 12,000 से ज्यादा गीतों के माध्यम से वैश्विक पहचान भी बनाई। उनका नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज होना इस बात का प्रमाण है कि उनका योगदान सिर्फ लोकप्रियता तक सीमित नहीं रहा, बल्कि ऐतिहासिक उपलब्धि भी है। विश्व में भारतीय संगीत को एक नई पहचान दिलवाने वाली, 92 वर्ष की अथक जीवन यात्रा पूर्ण कर आशा भोसले यूं तो रविवार 12 अप्रैल 2026 को इस फानी दुनियां से हमेशा के लिए कूच कर गईं, लेकिन उनकी सुर साधना हमेशा संगीत प्रेमियों के दिलों में राज करती रहेगी। सुर-संगीत की महान साधिका आशा भोसले का जन्म 8 सितंबर 1933 को महाराष्ट्र के सांगली में एक संगीत परिवार में हुआ था। उनके पिता पंडित दीनानाथ मंगेशकर एक प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक थे, और घर का वातावरण शुरू से ही संगीत से परिपूर्ण था। ऐसे माहौल में पली-बढ़ीं आशा ने बहुत कम उम्र में ही संगीत की दुनिया में कदम रखा। महज 10 साल की उम्र में उन्होंने अपना पहला मराठी गीत चला चला नव बाल गाया था, जिसे उन्होंने अपनी बड़ी बहन लता मंगेशकर के साथ रिकॉर्ड किया। यह अनुभव उनके लिए प्रेरणादायक साबित हुआ और यहीं से उनके जीवन की संगीत यात्रा ने दिशा पकड़ी। हालांकि, आशा भोसले की जिंदगी का सफर आसान नहीं था। संगीतकार परिवार से आने और लता मंगेशकर जैसी महान गायिका की बहन होने के बावजूद उन्हें शुरुआती दौर में कड़ा संघर्ष करना पड़ा। उस समय लता मंगेशकर पहले से ही भारतीय फिल्म संगीत



की शीर्ष गायिका बन चुकी थीं, और उनकी छाया में आशा को अपनी अलग पहचान बनाने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी। उनकी आवाज शुरू में लता मंगेशकर से काफी मिलती-जुलती थी, जिससे कई बार भ्रम की स्थिति भी पैदा हो जाती थी। एक घटना में तो एक रिकॉर्डिंग को गलत तरीके से आशा का समझ लिया गया, जबकि वह उनकी बहन का गीत था। इस अनुभव ने उन्हें गहराई से सोचने पर मजबूर कर दिया कि अगर वे अपनी शैली नहीं बदलेंगी, तो हमेशा तुलना के तराजु में तौली जाती रहेंगी। इसके बाद आशा भोसले ने अपने संगीत करियर में एक बड़ा निर्णय लिया, उन्होंने अपनी गायकी की शैली को पूरी तरह बदलने का बीड़ा उठाया। उन्होंने पश्चिमी संगीत, अंग्रेजी फिल्मों और विभिन्न अंतरराष्ट्रीय शैलियों का अध्ययन शुरू किया। उन्होंने कव्वाली, ग़ज़ल और कैबरे जैसे विविध रूपों में अपनी आवाज को ढालना सीखा। यही प्रयोगशीलता आगे चलकर उनकी सबसे बड़ी ताकत बनी। उन्होंने भारतीय फिल्म संगीत को एक नया रंग दिया और खुद को एक वर्सेटाइल गायिका के रूप में स्थापित किया। आशा भोसले ने न केवल मधुर प्रेम गीत गाए, बल्कि बोल्ड और प्रयोगात्मक गीतों को भी अपनी आवाज दी। **दम मारो दम** और **पिया तू अब तो आजा** जैसे गाने उस दौर के युवा वर्ग की दिलों के धड़कन बन गए। उनके ऐसे गीत जहां काफी चर्चित हुए वहीं विवादित भी रहे। समय बदलने के साथ ही ये गीत भारतीय संगीत के क्लासिक बन गए। उनकी यह क्षमता कि वे हर तरह के संगीत को सहजता से अपना लेती थीं, उन्हें अन्य गायकों से अलग बनाती थी। अपने लंबे करियर में आशा भोसले ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल कीं। वे पहली भारतीय महिला गायिका बनीं जिन्हें ग्रैमी पुरस्कार नामांकन मिला। इसके अलावा, 2011 में उनके नाम पर सबसे अधिक स्टूडियो रिकॉर्डिंग का विश्व रिकॉर्ड दर्ज किया गया, जो उनकी अद्भुत कार्यक्षमता और निरंतरता को दर्शाता है। यहां कहा जा सकता है कि संगीत की दुनियां में आशा भोसले की सबसे बड़ी विशेषता उनकी बहुमुखी प्रतिभा और नव से नवीन प्रयोग करने का साहस रहा है। उन्होंने कभी खुद को एक शैली तक सीमित नहीं रखा और हर नए प्रयोग को अवसर के रूप में अपनाया। यही कारण है कि वे भारतीय संगीत की सबसे प्रभावशाली और लंबे समय तक गीतों को अपनी आवाज देने वाली चुनिंदा गायिकाओं में गिनी जाती हैं। आज आशा भोसले भले हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी आवाज न केवल संगीत बल्कि एक युग का प्रतिनिधित्व करती नजर आती है। एक ऐसा युग जिसने भारतीय फिल्म संगीत को विविधता, प्रयोग और अंतरराष्ट्रीय पहचान दी। उनकी यात्रा यह सिखाती है कि प्रतिभा के साथ यदि साहस और निरंतर सीखने की इच्छा हो, तो कोई भी कलाकार सीमाओं को पार कर इतिहास रच सकता है।

# मंडियों में आवक जोरों पर लेकिन उठान और भुगतान न के बराबर - दीपेन्द्र हुड्डा

## बोले - मंडियों में अन्न पड़ा है सरकार खरीद करने की बजाय तरह-तरह के बहाने बनाकर अन्नदाता और अन्न दोनों का अपमान कर रही

## कहा- मंडियों में न बारदाना, न तिरपाल, न लेबर, न अन्य सुविधाएं, किसानों को भण्डारण सुविधा मुहैया कराए सरकार

करनाल, 13 अप्रैल (संदीप/रविन्द्र)- सांसद दीपेन्द्र हुड्डा आज करनाल में आयोजित अनेक कार्यक्रमों में शामिल हुए। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेन्द्र सिंह की मौजूदगी में करनाल शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित बैसाखी मिलन समारोह को संबोधित करते हुए सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने सभी को बैसाखी पर्व की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा का किसान मंडियों में दर-दर की ठोकर खाने को मजबूर है। किसान को झांसा देकर सत्ता हासिल करने वाली सरकार ने किसान को धान, बाजरा, कपास समेत किसी फसल पर एमएसपी नहीं दी, उलटे धान घोटाला, फसल खरीद घोटाला करके किसान-मजदूरों की सारी कमाई अपनी जेबों में भर ली। सरकार की किसान विरोधी नीयत के चलते आज बैसाखी पर्व के दिन भी हरियाणा का किसान सरकार की नीतियों के खिलाफ सडक़ों पर है।




उन्होंने कहा कि मंडियों में किसान को फसल बेचने की सहूलियत होनी चाहिए। उसे खत्म करने के लिये बीजेपी सरकार ने जटिल कायदे-कानून लगा दिए। मंडियों में अन्न पड़ा है सरकार खरीद करने की बजाय तरह-तरह के बहाने बनाकर अन्नदाता अन्न दोनों का अपमान कर रही है। मंडी में फसल की आवक जोरों पर है, लेकिन खरीद नहीं हो रही है। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि बेमौसमी बरसात किसान के हाथ में तो है नहीं, यहाँ तक कि सरकार के हाथ में भी नहीं है। जब-जब बेमौसम बादल गरजते हैं किसान का दिल कांप जाता है। इस बार बेमौसम बारिश से फसल को काफी नुकसान हुआ है ऐसे में सरकार गेहूं खरीद में नमी की सीमा 14त्न करे और बेमौसमी बारिश से रंग में फर्क़ पड़े गेहूं की तुरंत खरीद हो सरकार बहानेबाजी न करे। उन्होंने सरकार का ध्यान मंडियो में फैली अव्यवस्था पर दिलाया और किसानों व आढ़तियों के साथ समन्वय बनाकर खऱीद को सुचारू रूप से कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि मंडियों में न बारदाना की व्यवस्था है, न तिरपाल है, न लेबर, न अन्य सुविधाएं मिल रही है।करनाल शहर की समस्याओं के बारे में बोलते हुए सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि शहर को बुनियादी सुविधाएं तक नहीं मिल रही है, अपराध का ये आलम है कि हरियाणा में माफियाराज, फिरौतीराज चल रहा है। दनादन गोलियां चल जाती हैं। अर्थव्यवस्था ठप है, व्यापारी का बिजनेस ठप पड़ा है। भाजपा सरकार ने हरियाणा को विकास की पटरी से उतार दिया है। इससे पहले सांसद दीपेन्द्र हुड्डा हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश गुप्ता द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह में भी शामिल हुए। इस अवसर पर करनाल शहर के कांग्रेस जिलाध्यक्ष पराग गाबा, करनाल ग्रामीण के कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश वैध, पूर्व विधायक सुमिता सिंह, पूर्व विधायक राकेश कम्बोज, पूर्व विधायक भीम सेन मेहता, पूर्व विधायक धर्मपाल गोंदर, पूर्व विधायक बलबीर बाल्मीकि, पूर्व विधायक बख्शीश सिंह विर्क, सुल्तान सिंह जडोला, पूर्व विधायक अर्जुन सिंह, पानीपत ग्रामीण कांग्रेस जिलाध्यक्ष रमेश मलिक, पानीपत ग्रामीण विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी रहे सचिन कुंडु, कंवर सिंह छौक्कर, मनोज वधवा, सुरेंद्र नरवाल, नाहर सिंह संधू, राम शरण भोला, निश्चय, खुशी राम जागलान, अनिल राणा, सचिन बुढऩपुर, राजेश चौधरी, शेर प्रताप शेरी, सुरेश रोड़, बिंदर पोसवाल, सतपाल रोड़, राजीव मामूराम गोंदर, राजबीर शर्मा, एन. पी. सिंह चौहान, गौरव चौहान, नवजोत कश्यप, सुभाष बाटला, रजत लाठर, राजेन्द्र सिंह, गुरप्रीत, रणपाल संधू, सतीश सैनी, ललित अरोड़ा, नाजिम, सतपाल कश्यप आदि मौजूद रहे।

# नरवाना मंडी को बड़ी राहत :12 अतिरिक्त प्वाइंट बनने से जाम और अव्यवस्था से मिलेगी मुक्ति

**नरवाना,13 अप्रैल ( नरेन्द्र कुमार ):** नरवाना की अनाज मंडियों में हर साल गेहूं सीजन के दौरान लगने वाले जाम और अव्यवस्था से अब किसानों और आढ़तियों को बड़ी राहत मिलने जा रही है। मंडियों में बढ़ती आवक को देखते हुए 12 अतिरिक्त परचेज प्वाइंट बनाए गए हैं जिससे गेहूं की खरीद प्रक्रिया अब पहले से अधिक सुगम और तेज हो




सकेगी ।दरअसल नरवाना की मेला अनाज मंडी, कपास मंडी और धमतान मंडी में गेहूं की भारी आवक के कारण अक्सर जगह की कमी हो जाती थी। स्थिति यह थी कि किसानों को अपनी फसल मंडी की सड़कों या बाहर उतारनी पड़ती थी जिससे जाम की समस्या बनी रहती थी और एजेंसियों को खरीद व उठान में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था ।इस समस्या को लेकर मंडी एसोसिएशन के प्रधान जयदेव बंसल सहित अन्य आढ़तियों ने चेयरमैन अमित ढाकल से समाधान की मांग की। इसके बाद चेयरमैन ने मामला कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी के समक्ष रखा। मंत्री के हस्तक्षेप के बाद उच्च अधिकारियों से मंजूरी मिलते ही अतिरिक्त प्वाइंट स्थापित कर दिए गए ।पहले जहां केवल 6 राइस मिलों में प्वाइंट बनाए गए थे जो अपर्याप्त साबित हो रहे थे, वहीं अब पुरानी अनाज मंडी सहित 6 और स्थानों पर प्वाइंट बनाकर कुल संख्या 12 अतिरिक्त प्वाइंट कर दी गई है ।चेयरमैन अमित ढाकल ने बताया कि इन नए प्वाइंट्स के शुरू होने से अब किसानों को अपनी फसल डालने में परेशानी नहीं होगी और माल का उठान भी तेजी से किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि जियो-फेंसिंग लागू होने के बाद मिलों में ही गेट पास काटे जाएंगे जिससे पूरी प्रक्रिया और अधिक पारदर्शी व व्यवस्थित बनेगी। उन्होंने यह भी बताया कि पहले मंडियों में जगह की कमी के कारण सड़कों पर गेहूं डालने से हर समय जाम की स्थिति बनी रहती थी, लेकिन अब इस समस्या से काफी हद तक निजात मिलेगी। साथ ही गेहूं में नमी अधिक होने पर उसे सुखाने की प्रक्रिया भी आसानी से पूरी हो सकेगी। इस फैसले पर मंडी एसोसिएशन और आढ़तियों ने मंत्री कृष्ण कुमार बेदी का आभार व्यक्त करते हुए इसे किसानों के हित में एक सराहनीय कदम बताया। इस अवसर पर वाइस चेयरमैन सत्यप्रकाश सैनी, प्रधान जयदेव बंसल, दिनेश गोयल, सतीश मित्तल, संदीप गर्ग सहित अनेक आढ़ती मौजूद रहे।

# किसानों की मेहनत नहीं जाएगी बेकार, सरकार खरीदेगी फसल का एक-एक दाना नरवाना अनाज मंडी पहुचे कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा

**नरवाना, 13 अप्रैल ( नरेन्द्र कुमार ):** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने किसानों को भरोसा दिलाया है कि उनकी मेहनत किसी भी हालत में बेकार नहीं जाएगी और सरकार उनकी फसल का एक-एक दाना खरीदेगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि खरीद प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता और सुचारू व्यवस्था की जाएगी नरवाना अनाज मंडी पहुंचे कृषि मंत्री रविवार को दौरा कर गेहूं खरीद व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस



दौरान उन्होंने मंडी में पहुंचकर किसानों और आढ़तियों से सीधे संवाद किया तथा उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान करवाते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंत्री ने अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि गेहूं खरीद, उठान और भुगतान की प्रक्रिया समयबद्ध तरीके से पूरी की जाए ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि मंडियों में पारदर्शिता बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है और लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी ।मौसम में संभावित बदलाव को देखते हुए उन्होंने फसलों की सुरक्षा के लिए मंडियों में पर्याप्त तिरपाल और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि अधिक आवक के समय अव्यवस्था से बचने के लिए सभी खरीद एजेंसियां आपसी समन्वय से कार्य करें और खरीद के साथ-साथ उठान प्रक्रिया को लगातार जारी रखें ।कृषि मंत्री ने किसानों को दी जा रही सुविधाओं का जिक्र करते हुए बताया कि इस बार खरीद प्रक्रिया को अधिक सरल, पारदर्शी और किसान हितैषी बनाया गया है। किसानों के लिए प्रमुख सुविधाएंकिसान अब ट्रैक्टर-ट्रॉली के साथ-साथ बैलगाड़ी जैसे पारंपरिक साधनों से भी फसल मंडी में ला सकते हैं।,गेट पास के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती, 24 घंटे फसल लाने की सुविधा।,'मेरी फसल मेरा ब्यौरा' पोर्टल के माध्यम से आसान पंजीकरण व्यवस्था।,पारदर्शिता के लिए बायोमेट्रिक सत्यापन प्रणाली लागू।,आउट गेट पास और उठान प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन, जिससे समय की बचत ।मंत्री ने कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाना और उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी से बचाना है। उन्होंने दोहराया कि किसानों के हितों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

# महात्मा ज्योतिबा फुले ने समाज में व्याप्त कुरीतियों, जातिगत भेदभाव और असमानता के खिलाफ संघर्ष किया : पुजारी संदीप

*इंग्लैंड स्थित श्रीराम मंदिर में सैनी समाज ने मनाई महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती*

**पिहोवा, 13 अप्रैल ( मुकेश डोलिया ):** इंग्लैंड के साउथहॉल स्थित श्री राम मंदिर में अप्रवासी सैनी समाज द्वारा समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत मंदिर के पुजारी संदीप शर्मा द्वारा विशेष पूजा-अर्चना व वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ करवाई गई जिसमें समाज से जुड़े अनेक लोगो ने सपरिवार भाग लिया। पूजा-अर्चना के




उपरांत मंदिर परिसर में एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में भजन गायकों ने एक से बढक़र एक सुंदर भजन प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय बनाए रखा। इसके पश्चात मंदिर के पुजारी पं. संदीप शर्मा ने महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन, उनके सामाजिक योगदान और शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि फुले जी ने समाज में व्याप्त कुरीतियों, जातिगत भेदभाव और असमानता के खिलाफ संघर्ष करते हुए शिक्षा को सभी के लिए सुलभ बनाने का कार्य किया, जो आज भी प्रेरणादायक है। मंदिर कमेटी के प्रमुख पदाधिकारी अरूण ठाकुर व जय शर्मा ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए समाज के लोगो व मंदिर सेवादारों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सैनी समाज के प्रमुख सदस्यों ने बताया कि विदेश में रहकर भी अपनी संस्कृति, परंपराओं और महान विभूतियों की जयंती मनाना समाज को एकजुट रखने का माध्यम है। उन्होंने युवाओं से महात्मा फुले के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक एकता का माहौल बना रहा। इस आयोजन ने न केवल महात्मा ज्योतिबा फुले के विचारों को पुनर्जीवित किया, बल्कि विदेश में बसे भारतीय समुदाय के बीच आपसी भाईचारे और सांस्कृतिक जुड़ाव को भी मजबूत किया। इस मौके पर सैनी समाज से जुड़े राकेश सैनी, मनीष सैनी, संतोख सैनी, नरेश सैनी, शिव सैनी, नरेश सैनी, रजनी सैनी, नीलम सैनी, अमित सैनी, संजीव सैनी सहित गोपाल शर्मा, रोबिन, राहुल, आकाश, बलविंद्र, साहिल, संजू, गौतम, वीर शर्मा, गगन व जशन सहित अनेक वालंटियर मौजूद रहे। सॉऊथहाल स्थित श्री राम मंदिर में पूजा अर्चना करवाते सैनी समाज से जुड़े अप्रवासी भारतीय। कार्यक्रम में भाग लेने वाले गण्यमान्य जन व वालंटियर।

# मिनर्वा कॉलेज ऑफ एजुकेशन तरावड़ी में शिक्षा पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित

**तरावड़ी, 13 अप्रैल ( छाया शर्मा ):** मिनर्वा कॉलेज ऑफ एजुकेशन तरावड़ी में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित हुई। यह संगोष्ठी सतत विकास हेतु शिक्षा, चुनौतियां, रणनीतियां एवं भविष्य की संभावनाएं



विषय पर आयोजित की गई, जिसमें देशभर से शिक्षाविदों, शोधार्थियों, शिक्षक-प्रशिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ उद्घाटन सत्र से हुआ, जिसमें वक्ताओं ने शिक्षा को सतत विकास का आधार बताते हुए इसके विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला। संगोष्ठी के मुख्य वक्ताओं के रूप में करनाल स्थित तपन विद्यालय एवं तपन पुनर्वास संस्था की निदेशक एवं प्राचार्या डॉ. सुजाता तथा भोपाल के मनोविज्ञान विशेषज्ञ, प्रख्यात लेखक एवं प्रेरक वक्ता डॉ. कुलदीप सरस्वत ने अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में सतत विकास के सिद्धांतों के समावेशन तथा वर्तमान शैक्षिक चुनौतियों के व्यावहारिक समाधान पर विस्तार से चर्चा की। संगोष्ठी के दौरान प्रतिभागियों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाते हुए अपने शोध-पत्र एवं विचार प्रस्तुत किए, जिससे विषय पर सार्थक संवाद स्थापित हुआ। प्राचार्य डॉ. अश्विनी के मार्गदर्शन व हनी चौधरी एवं पिथी चौधरी के सहयोग से कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन किया गया। इस आयोजन के संयोजक डॉ. गीता शर्मा एवं सह-संयोजक डॉ. सुशीला कुमारी रहीं। आयोजन समिति में मनदीप कौर, रविता चौधरी, डॉ. सुनील कुमार एवं डॉ. मंजू का विशेष योगदान रहा।

# पांच कन्याओं के हाथ पीले कल्याण ने दिया आशीर्वाद, की सुखद जीवन की कामना

## फार्म हाउस से पर्वतारोही को हरी झंडी : जन सुनवाई कार्यक्रम में सुनीं लोगों की समस्याएं

**घरौंडा,13 अप्रैल ( नरेन्द्र लाठर ):** घरौंडा के विशाल भक्ति जागरण मंडल की ओर से आज वहां के एसडी मंदिर में पांच कन्याओं का सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया। इसमें विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने बतौर मुख्य अतिथि परिणय सूत्र में बंधे जोड़ों को आशीर्वाद दिया और उनके सुखद व उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विशाल भक्ति जागरण मंडल के प्रधान हरबंस लाल ने बताया कि मंडल हर साल जागरण कार्यक्रमों के दौरान आई चढ़ावा राशि से गरीब कन्याओं की शादी कराता है। इससे पहले 164 लड़कियों की शादी कराई जा चुकी है। परिणय सूत्र में बंधे जोड़ों को जरूरी घरेलू सामान भी उपलब्ध कराया गया। आज जिन पांच कन्याओं का वैदिक रीति से विवाह कराया गया उनमें से चार घरौंडा क्षेत्र से और एक करनाल से है। विवाह से पूर्व मंडल की ओर से उनकी आयु की तस्दीक गांव के सरपंच अथवा मौजिज लोगों से कराई गई है। इस मौके पर श्री कल्याण ने ऐसे शुभ आयोजन के लिए विशाल भक्ति





जागरण मंडल के सदस्यों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों में समाज के संपन्न लोगों को सहयोग करना चाहिए। यह एक पुण्य कार्य है। उन्होंने नव जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद व उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जागरण मंडल की ओर से प्रत्येक जोड़े को मां की मूर्ति, मां की चुनरी, एलईडी टीवी, डबल बेड, बिस्तर, रजाई, बिछौना, चादर, कंबल, दो तकिये, डबल बेड कंबल, दो कुर्सी, मेज, अलमारी, चांदी सेट, लडक़ी के लिए सूट, साड़ी, वर के लिए दो पेंट-शर्ट, दोनों के लिए घड़ी, लेडिज पर्स, शृंगार दान, 6 प्लेट, 6 कटोरी, 12 चम्मच, 6 गिलास, कढ़ाई, कड़छी, जग, लोटा, चूड़ा सेट, सिलाई मशीन, संदूक, तौलिया, चकला बेलन और प्रेस दी गई।

इस मौके पर मंडल कोषाध्यक्ष लवी चुघ, मीडिया प्रभारी सन्नी बजाज, संदीप, भाजपा नेता पुरूषोतम सेठी, प्रेम नारंग आदि मौजूद रहे।

**जन सुनवाई कार्यक्रम** - इससे पहले मधुबन पुलिस अकादमी के नजदीक कल्याण फार्म पर जन सुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष ने हलके के विभिन्न गांवों में आए लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके निपटारे के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने उनके सम्मुख गांवों के विकास संबंधी कुछ सामूहिक मांगें भी रखीं जिन पर उचित कार्यवाही का भरोसा दिया गया। कल्याण ने कहा कि हलके का चहुंमुखी विकास उनकी प्राथमिकता है। गांव खोरा खेड़ी के लोगों ने कल्याण से सामुदायिक केंद्र का निर्माण कार्य पूरा कराने, सिख समुदाय की चौपाल में लंगर हॉल का निर्माण कराने, गांव की गलियां पक्की कराने और श्मशान घाट में शेड बनवाने की मांग रखी। इसी प्रकार गांव लालूपुरा में पशु अस्पताल का नया भवन, गलियां व वाल्मीकि चौपाल बनवाने, बजीदा ड्रेन से खेतों का रास्ता बनवाने, गांव बरसत व घरौंडा में बिजली के खंभे शिफ्ट करवाने की मांग की गई।

**पर्वतारोही को हरी झंडी** - कल्याण ने गांव रसूलपुर कलां के सुनील कुमार पुत्र सुरेंद्र कुमार को दुनिया के पांचवें सबसे ऊंचे शिखर मकालू पर्वत (8485 मीटर) पर चढ़ाई करने के लिए हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। उम्मीद जताई कि वे सफलतापूर्वक मंजिल हासिल कर लेंगे। यह शिखर नेपाल और चीन(तिब्बत) की सीमा पर महालंगुर हिमालय में स्थिति है। यह माउंट एवरेस्ट से करीब 20 किमी दूर दक्षिण-पूर्व में स्थित है। उल्लेखनीय है कि सुनील कुमार इससे पहले माउंट एवरेस्ट, कंचनजंघा, माउंट ल्होत्से, मनास्लु, माउंट अन्नपूर्णा तिरंगा फहरा चुके हैं। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि रामकुमार, पूर्व सरपंच रामेश्वर दास अरोड़ा, नरेश चौधरी, नीरज सचदेवा, मंडल महामंत्री विक्रम पाल, भजनलाल, रणजीत कुमार, बलजीत, अनमोल पाल, कुमेध मेहला, रवि कुमार आदि मौजूद रहे।

# गौसेवा के पुण्य हेतु यथा संभव तूड़ी व अनाज का दान करें किसान : सुभाष सिंगला

**चिडाव,13 अप्रैल ( प्रवीन कुमार ):** श्री कृष्ण गोपाल गौशाला प्रधान सुभाष सिंगला ने निसिंग अनाज मंडी में पहुंच गाय के लिए गौ चारे हेतु




क्षेत्रवासी किसानों व आढ़तियों से गौसेवा के पुण्य प्राप्ति हेतु यथा संभव तूडी व अनाज देने की अपील की है। उन्होंने गौ सेवा हेतु किसानों को फसल कटाई के बाद अवशेष जलाने की बजाय उसकी तुडी बनवाकर गौशाला में दान करने के लिए प्रेरित किया ,ताकि गौसेवा का पुण्य प्राप्त गोभक्तों को हो सकें। पंडित दीपक शास्त्री ने कहा कि शास्त्रों के अनुसार गौमाता में 36 करोड़ देवी देवता निवास करते है। जिसकी सेवा करने से जीव को दुर्लभ मोक्ष की प्राप्ति होती है। गरूड पुराण में अंकित है कि गौमाता ही जीव को वैतरणी नदी से पार लगा सकती है। अपने श्रीकृष्ण अवतार में स्वयं भगवान ने भी गोकूल में गौमाता की सेवा की थी।

# सर्वर ठप, सिस्टम फेल मंडी में किसान बेहाल




**निसिंग, 13 अप्रैल ( जोगिंद्र सिंह ) :** अनाज मंडियों में सिस्टम की लापरवाही ने किसानों को सड़क पर ला खड़ा किया। निसिंग की मंडी में गेट पास और बायोमेट्रिक सर्वर ठप होने से मंडी गेट से लेकर संभली रोड तक ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की लंबी लाइन लग गई, और किसान घंटों धूप में फंसकर रह गए। किसानों का गुस्सा साफ दिखा दो-दो घंटे से लाइन में खड़े हैं, कोई सुनने वाला नहीं।

उधर खेतों में कंबाइन चल रही है, फसल तैयार है, और इधर सिस्टम बैठा पड़ा है। मंडी में हालात ऐसे बन गए कि ना आगे बढ़ सकते हैं, ना पीछे हट सकते हैं। ट्रैक्टरों की कतारें किलोमीटर तक फैल गईं, जिससे यातायात भी प्रभावित हुआ। किसानों ने सीधे तौर पर व्यवस्था पर सवाल उठाए और कहा कि बार-बार सर्वर फेल होना अब आम बात बन गई है। तकनीक के नाम पर किसानों के साथ मज़ाक हो रहा है, किसानों ने नाराजगी जताई। कुछ किसानों ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि ऐसी अव्यवस्था में किसान पहले से ही घाटे में चल रहा है, ऊपर से मंडी की लापरवाही उसे बर्बादी की ओर धकेल रही है।

# ग्लोब हेरिटेज में हुआ प्रतिभा खोज कार्यक्रम

## *प्रतिभा को उचित मंच मिलने पर होता है कौशल का विकास : रीतू सिंगला*




**लाडवा, 13 अप्रैल ( राम गोपाल ) :** ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल में प्रतिभा खोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए सभी का मन मोह लिया। कोऑर्डिनेटर मोनिका अरोड़ा व सपना ने जानकारी देते हुए बताया कि स्कूल परिसर में बच्चों की प्रतिभा को जानने व उन्हें निखारने के उद्देश्य से प्रतिभा खोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ मंच पर नृत्य, संगीत, कविता पाठ, भाषण एवं विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी कला का परिचय दिया। बच्चे वैसाखी पर्व के हिसाब से सज धज कर स्कूल में आये हुए थे और विद्यार्थियों ने बैसाखी पर पारंपरिक लोकनृत्य प्रस्तुत कर पंजाबी संस्कृति की झलक दिखाई, वहीं कुछ विद्यर्थियों ने डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर जयंती पर उनके जीवन, संघर्ष एवं समाज सुधार के योगदान पर आधारित भाषण और नाट्य प्रस्तुतियाँ दीं।

कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रधानाचार्या व स्कूल स्टाफ द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। स्कूल की प्रधानाचार्या रीतू सिंगला ने सम्बोधित करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं क्योंकि भगवान हर इंसान को कुछ प्रतिभाएं देकर भेजता है और अगर उन प्रतिभाओं को उचित अवसर व उचित मंच प्राप्त हो तो वह प्रतिभा उसके कौशल में परिवर्तित हो जाती है जो वर्तमान के प्रतियोगिता भरे युग में सफल होने के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने वैसाखी पर्व की शुभकामनायें देते हुए कहा कि जहाँ वैसाखी का पर्व मन में उमंग देने वाला होता है वहीँ जलियावाला बाग़ में शहीद हुए भारतवासियों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि देने का दिवस है। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ द्वारा डॉ भीमराव अम्बेडकर को भी श्रद्धा सुमन अर्पित किये गए।

# भक्ति में झूम उठा नरवाना, बाबा श्याम के कीर्तन में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



**नरवाना, 13 अप्रैल ( नरेन्द्र कुमार ) :** भारत विकास परिषद केशव शाखा नरवाना द्वारा श्री खाटूश्याम मंदिर पतराम नगर में एक भव्य बाबा श्याम कीर्तन का आयोजन किया गया। इस आध्यात्मिक कार्यक्रम में शहरभर से आए श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर वातावरण को पूर्णत: भक्तिमय बना दिया। विशेष बात यह रही कि महिलाओं की भागीदारी भी अत्यंत सराहनीय रही।कार्यक्रम की शुरुआत मंदिर के पुजारी नवीन शर्मा द्वारा भगवान गणेश के गुणगान से की गई। इसके पश्चात बाबा श्याम के भजनों की मधुर प्रस्तुति का दौर शुरू हुआ। नरवाना के प्रसिद्ध भजन गायक राहुल सिंगला ने अपनी सुरीली आवाज से ऐसा समां बांधा कि श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे।उन्होंने कीर्तन की है रात नी मैं नचना श्याम दे नाल मैंने मोहन को बुलाया है वो आता होगा और मेरा बाबा रंग रंगीला, मैं तो नाचूंगी जैसे भजनों की प्रस्तुति देकर पूरे पंडाल को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। श्रद्धालु भजनों पर झूमते नजर आए और पूरा वातावरण श्याम नाम के जयकारों से गूंज उठा।कीर्तन के दौरान उपस्थित सभी भक्तों ने बाबा श्याम के चरणों में श्रद्धा अर्पित करते हुए भक्ति का भरपूर आनंद लिया। आयोजन स्थल पर भक्ति, उल्लास और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला।इस अवसर पर संस्था के प्रधान प्रदीप गर्ग, सचिव नत्थूराम गोयल, कोषाध्यक्ष अभिनव गुप्ता, महिला संयोजिका संतोष जैन सहित अनेक गणमान्य सदस्य एवं शहरवासी उपस्थित रहे।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम : सुमन बहमनी




**यमुनानगर, 13 अप्रैल ( दिनेश कुमार ) :** महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित करने को लेकर सोमवार को महापौर कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। महापौर सुमन बहमनी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में हरियाणा राज्य समाज कल्याण बोर्ड की पूर्व चेयरपर्सन रोजी मलिक आनंद मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची। कार्यक्रम में काफी संख्या में नगर निगम की महिला कर्मियों व अन्य महिलाओं ने हस्ताक्षर कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद किया। मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर 15 अप्रैल को डीएवी कॉलेज से धन्यवाद स्कूटी रैली निकाली जाएगी। जिसमें सैकड़ों महिलाएं, युवतियां व छात्राएं भाग लेंगी और रैली निकाल कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद करेंगी। यह रैली डीएवी कॉलेज के मुख्य द्वार से शुरू होकर प्यारा चौक से घूम कर निरंकारी चौक, शहीद भगत सिंह चौक से वापस डीएवी कॉलेज पर आकर संपन्न होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में महिलाओं के लिए यह अधिनियम पारित किया गया है। यह अधिनियम महिलाओं को सशक्त बनाने एवं राजनीति में उनकी भागीदारी बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को निर्णय लेने की प्रक्रिया में सशक्त बनाएगा और समाज में उनकी भागीदारी को और अधिक मजबूत करेगा। यह अधिनियम देश की महिलाओं के सम्मान, अधिकार और सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। भाजपा नेत्री रोजी मलिक आनंद ने कहा कि यह अधिनियम महिलाओं के अधिकारों और सम्मान को नई दिशा देगा। भाजपा हमेशा से महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध रही है और यह कदम उसी संकल्प का प्रमाण है। भाजपा नेत्री मनीषा ने कहा कि नारी शक्ति ही राष्ट्र शक्ति है, इसी विचार के साथ भाजपा संगठन महिला सशक्तिकरण के इस मिशन को मजबूती से आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने सभी महिला कर्मियों व महिलाओं को 15 अप्रैल को डीएवी कॉलेज के सामने रेलवे रोड पर निकाली जाने वाली धन्यवाद रैली में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया।

# हर घर संविधान प्रस्तावना अभियान के अंतर्गत डीसी अपराजिता को संविधान प्रस्तावना देकर किया सम्मानित



**राजौंद, 13 अप्रैल ( नरेश कुमार पुहाल ) :** सोमवार को आदिकवि दिनाभाना डॉ. बी.आर. आंबेड़कर वैलफेयर सोसाईटी पंजीकृत द्वारा चलाया गया हर घर संविधान प्रस्तावना अभियान के अंतर्गत उपायुक्त अपराजिता को संविधान प्रस्तावना देकर सम्मानित किया गया और एक मांगपत्र दिया गया। जिसमें संस्था द्वारा एक वृद्धाश्रम/अनाथ आश्रम चलाने के लिए जगह उपलब्ध कराने की मांग की गई। जिसमें बेसहारा बुजुर्गों, बच्चों के आवास के लिए वृद्धाश्रम/अनाथ आश्रम चलाया जाएगा, एक पुस्तकालय खोला जाएगा, जिसमें गरीब, वंचित और शोषित समाज के छात्र नि:शुल्क पढ़ाई कर सके। जिसमें संस्था द्वारा सभी नौकरियों की परीक्षा से संबंधित पुस्तकें नि:शुल्क उपलब्ध करायी जायेगी और एक कंप्युटर लैब बनाई जाएगी जिसमें छात्रों को नि:शुल्क कंप्युटर का बेसिक कोर्स करवाया जायगा। उपायुक्त जी ने हर घर संविधान प्रस्तावना अभियान की सराहना करते हुए कहा कि यह अभियान लोगों में संविधान के प्रति जागरूक लाने में अहम भूमिका निभा रहा हैं। भारतीय संविधान केवल एक सरकारी दस्तावेज ही नहीं है बल्कि इस संविधान से भारत देश चलता हैं। भारतीय संविधान में देश की महिलाओं, आम नागरिकों, शोषित, वंचित, और पिछड़े वर्गों के अधिकार सुरक्षित हैं। उपायुक्त जी ने संस्था की प्रसंशा करते हुए कहा कि जिला नागरिक हस्पताल कैथल में दाखिल मरीजों को सुबह 9:30 से 10:45 तक दूध-खिचड़ी, खीर, ब्रेड, फल आदि की सेवा दी जा रही हैं, यह सेवा समाज हित बहुत ही अच्छा कार्य हैं।

संस्था के अध्यक्ष कुलदीप सिंह ने बताया कि यह सेवा तीन साल से लगातार चली हुई हैं। यह सेवा कैथल के सम्मानित शहरवासियों, दुकानदारों, और आम नागरिकों के सहयोग से यह नेक कार्य चला हुआ हैं। संस्था के अध्यक्ष कुलदीप सिंह ने बताया कि इस नेक कार्य के अलावा अन्य सामाजिक गतिविधियों में भाग लेते रहते हैं, जिनमें से हर घर संविधान प्रस्तावना अभियान इस अभियान में आम नागरिकों को संविधान के प्रति जागरूक करना, देश के नागरिकों के मौलिक अधिकारों के साथ साथ भारत देश के प्रति हमारे भी कुछ मौलिक कर्तव्य बनते हैं के लिए जागरूक करना हैं। जो कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य हैं।

इसके अलावा संस्था द्वारा समय समय पर लोगों की केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा चलाई गई विभिन्न प्रकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जाता हैं। जिसमें अंजू, सोनू, ज्योति, सोनू कैलरम, साहिल आदि सदस्य शामिल रहें।

# वाल्मीकि आश्रम राजौंद में युवाओं ने अंबेडकर जयंती मनाई गई




**राजौंद, 13 अप्रैल ( नरेश कुमार पुहाल ) :** भगवान वाल्मीकि आश्रम राजौंद में बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी का 135वां जन्म महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन समस्त वाल्मीकि समाज की ओर से किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पार्षद सरदार करम सिंह व पार्षद प्रतिनिधि राजकुमार पार्षद वीरेंद्र और वशिष्ठ अतिथि राकेश राणा रहे। इन सब ने बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के जीवन पर अपने-अपने विचार रखें।

कार्यक्रम में नरेश कुमार पुहाल समाजसेवी का विशेष योगदान रहा। जय वाल्मीकि जय भीम अंबेडकर ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ साहिल वाल्मीकि को कार्यक्रम सफल करने में योगदान रहा।

कार्यक्रम में समाज के प्रमुख जिले सिंह, सुबे सिंह,धर्मवीर, महावीर राजेंद्र कुमार, सुभाष, सोमपाल, रामकुमार सेक्रेटरी, अरूण पंवार, पप्पू जांगड़ा, सुरेंद्र पुहाल, सुनील कंडक्टर, करण सिंह वाल्मीकि, दर्शन, जोगी, किताब सिंह, सुरेश, नरेश, विजय, संजय, राजवीर, शोकी, महिपाल, वरिष्ठ पत्रकार नरेश पुहाल सहित वाल्मीकि समाज का विशेष योगदान रहा।

# श्री खाटू श्याम मंदिर में वरूथिनी एकादशी बड़े ही श्रद्धा और धूमधाम से मनाई गई

## *- वरूथिनी एकादशी के व्रत से समस्त पापों का नाश होता है : दीपक पांडे*




**करनाल, 13 अप्रैल ( रविन्द मलिक ) :** शहर की पुरानी अनाज मंडी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में वरूथिनी एकादशी बड़े ही श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनाई गई। एकादशी पर मंदिर व बाबा श्याम के स्वरूप को फूलों से सजाया और महकाया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर विधि-विधान से पूजा अर्चना की। सुबह से लेकर शाम तक मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा। सभी भक्तों के हाथों में गुलाब के फूल नजर आ रहे थे। एकादशी के उपलक्ष्य में मंदिर में कीर्तन का आयोजन भी किया गया। श्रद्धालुओं खुब कीर्तन का आनंद उठाया। कीर्तन के दौरान हुए गुणगान के माध्यम से श्रद्धालुओं को वरूथिनी एकादशी महत्व बताया गया। मंदिर कमेटी द्वारा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर पंडित दीपक पांडे ने बताया कि वैशाख मास की कृष्ण पक्ष की एकादशी को वरूथिनी एकादशी के रूप में मनाया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन भगवान विष्णु के वराह अवतार की पूजा करने से जातक के समस्त पापों का नाश होता है। यह व्रत सौभाग्य प्रदान करने वाला और दुखों को दूर करने वाला माना गया है। पंडित दीपक पांडे ने बताया कि वरूथिनी एकादशी का फल कन्यादान और वर्षों की तपस्या के समान पुण्यकारी है। इस अवसर पर मुख्य सेवक देसराज गुप्ता ने बताया कि श्री खाटू श्याम मंदिर में हर एकादशी पर भजन कीर्तन का आयोजन किया जाता है। मंदिर में दर्शन करने के लिए करनाल सहित दूर-दूर से लोग पहुंचते है और सबकी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। मंदिर कमेटी की तरफ से श्रद्धालुओं के लिए सभी प्रकार की व्यवस्थाएं की जाती है। इस अवसर पर मंदिर के मुख्य सेवक देसराज गुप्ता, राजेश गर्ग, महेंद्र गुप्ता, अनिल गर्ग, राम करण गोयल, अशोक सिंघला, अनुपम त्रिपाठी, पंडित उमेश पांडे, पवन गुप्ता, राजेश सिंघला व हरीश सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# नि:शुल्क दवा वितरण पर जोर, हर बच्चे तक पहुंचेगी कृमि मुक्ति की गोली : उपायुक्त डॉ. विरेंदर कुमार दहिया




**पानीपत, 13 अप्रैल ( हरप्रीत छतवाल ) :** जिला सचिवालय के सभागार में सोमवार को आयोजित जिला स्तरीय कार्यबल की बैठक में उपायुक्त डॉ. विरेंद्र कुमार दहिया ने आगामी राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस को सफल बनाने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। यह अभियान 21 अप्रैल को आयोजित होगा, जबकि 5 मई को अनुवर्ती दिवस रखा गया है। बैठक में नेशनल हेल्थ मिशन हरियाणा नेशनल हेल्थ मिशन हरियाणा के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।

उपायुक्त डॉ .दहिया ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अभियान के दौरान 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों तथा 20 से 24 वर्ष आयु वर्ग की महिलाओं को निःशुल्क कृमि नाशक दवा (एल्बेंडाजोल) उपलब्ध कराई जाएगी और इसका वितरण पूरी पारदर्शिता व जिम्मेदारी के साथ सुनिश्चित किया जाए। उपायुक्त ने कहा कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास से सीधा जुड़ा हुआ है। हमारा लक्ष्य है कि जिले का कोई भी पात्र बच्चा इस अभियान से वंचित न रहे। सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करते हुए यह सुनिश्चित करें कि दवाइयों का समय पर और सही तरीके से वितरण हो तथा अधिकतम लाभार्थियों तक इसका लाभ पहुंचे।

उपायुक्त ने विशेष रूप से विद्यालयों, आंगनवाड़ी केंद्रों और शहरी क्षेत्रों में बनाए जाने वाले शिविरों पर व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि दवा वितरण के दौरान स्वच्छ पेयजल, आवश्यक सामग्री और प्रशिक्षित कर्मियों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

सीएमओ विजय मलिक ने बताया कि कृमि संक्रमण बच्चों में कुपोषण, रक्ताल्पता और पढ़ाई में कमी का प्रमुख कारण बनता है। ऐसे में यह अभियान बच्चों के स्वास्थ्य सुधार के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। अधिकारियों को प्रशिक्षण, जन-जागरूकता और निगरानी पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके लिए डिजिटल माध्यमों, सामाजिक मंचों, जागरूकता रैलियों और स्थानीय संसाधनों का उपयोग किया जाएगा। उपायुक्त ने सभी विभागों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने स्तर पर जिम्मेदारियां निभाते हुए इस अभियान को सफल बनाएं और निर्धारित लक्ष्य को समय पर पूरा करें। इस अभियान के संबंध में निगम शिक्षा विभाग की अहम भूमिका रहेगी। बस स्टैंड पर क्लिपिंग के माध्यम से भी प्रचार करने के उपायुक्त ने निर्देश दिए। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त अंकित चौकसे, डीईओ राकेश बूरा, सीएमओ विजय मलिक के अलावा विभिन्न विभागों से अधिकारी मौजूद रहे।

# प्रशासन पूरी पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कर रहा कार्य : उपायुक्त डॉ विरेंदर कुमार दहिया



**पानीपत, 13 अप्रैल ( हरप्रीत छतवाल ) :** मुख्यमंत्री नायब सिंह की जन हित को लेकर की गई पहल का जिले के नागरिकों को भरपूर लाभ मिल रहा है। सोमवार को जिला सचिवालय सभागार में आयोजित जनता समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त डॉ. विरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि जनता समाधान शिविर का मुख्य उद्देश्य हर नागरिक की समस्या को गंभीरता से सुनकर उसका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। उपायुक्त ने बताया कि सोमवार को प्राप्त 25 शिकायतों में अधिकांश शिकायतें आधारभूत सुविधाओं और प्रशासनिक सेवाओं से संबंधित थीं, जिन पर तुरंत कार्रवाई के निर्देश जारी किए गए हैं।

उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन पूरी पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य कर रहा है ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता है कि हर समस्या का समाधान मौके पर या निर्धारित समयसीमा के भीतर किया जाए। नगर निगम आयुक्त डॉ. पंकज ने कहा कि सफाई व्यवस्था, जल निकासी, स्ट्रीट लाइट और प्रदूषण से जुड़ी शिकायतों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि तय समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनता की सुविधाओं को बेहतर बनाना निगम की जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

एडीसी अंकित चौकसे ने शिविर को प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम बताते हुए कहा कि सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित किया जा रहा है ताकि कोई भी शिकायत लंबित न रहे। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में तेजी लाने और पारदर्शी व्यवस्था लागू करने के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने कहा कि पुलिस विभाग से संबंधित हर शिकायत को गंभीरता से लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना और नागरिकों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना उनकी सर्वोच्च जिम्मेदारी है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे बेझिझक अपनी समस्याएं सामने रखें, हर शिकायत पर निष्पक्ष और सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

एसडीएम मनदीप ने बताया कि शिविर में आई राजस्व और प्रशासनिक शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जा रहा है, ताकि लोगों को बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। सीईओ डॉ. किरण ने कहा कि विकास योजनाओं और ग्रामीण स्तर की समस्याओं के समाधान पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है और पात्र व्यक्तियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए निगरानी व्यवस्था को मजबूत किया गया है।

डीडीपीओ राजेश शर्मा ने बताया कि गांवों में विकास कार्यों और पंचायत स्तर की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए स्वच्छता, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं में सुधार के लिए तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। शिविर में महात्मा गांधी बस्ती की निवासी शीला ने क्षेत्र में बढ़ते प्रदूषण की समस्या उठाते हुए जल्द समाधान की मांग की। प्रार्थी अंकित ने दिव्यांग पेंशन बनवाने का अनुरोध किया, जबकि राजेश वासी मांडी ने गली के निर्माण की मांग करते हुए बताया कि आवागमन में भारी दिक्कत हो रही है। सरोज बाला ने पेंशन से संबंधित बैंक डिटेल निकलवाने के लिए सहायता मांगी। इस अवसर पर डीएसपी सतीश वत्स, एलडीएम राजकुमार, डिप्टी सीएमओ दिव्या साहनी, डॉ. प्रज्ञा, कृषि विभाग के कार्यकारी अभियंता सुधीर, पुलिस कंप्लेंट अधिकारी सुरेश सरोहा, महेश त्यागी, संजीव शर्मा, जोगिंदर, रमेश सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# मदर इंडिया कॉन्वेंट स्कूल में वैसाखी एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई




**रतिया, 13 अप्रैल ( अमन सेठी ) :** रतिया स्थित मदर इंडिया कॉन्वेंट स्कूल में आज वैसाखी पर्व एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती अत्यंत उत्साह, श्रद्धा और गरिमा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यस्त्र5म के दौरान वैसाखी से संबंधित एक आकर्षक प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया, जिसने भारतीय संस्कृति, परंपराओं एवं कृषि जीवन की झलक प्रस्तुत की। विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई इस प्रदर्शनी ने सभी का ध्यान आकर्षित किया और हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का सुंदर परिचय दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य लोकेश खुराना ने अपने संबोधन में वैसाखी पर्व के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व केवल फसल कटाई की खुशी का प्रतीक ही नहीं, बल्कि मेहनत, समर्पण और नई शुरुआत का संदेश भी देता है। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि वैसाखी हमें अपने परिश्रम का सम्मान करना और जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाना सिखाती है। उन्होंने आगे कहा कि आज का दिन हमें इतिहास के उन अमर शहीदों की याद भी दिलाता है, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। विशेष रूप से उन्होंने जलियांवाला बाग की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि उस दिन निहत्थे भारतीयों पर की गई गोलाबारी हमारे इतिहास का अत्यंत दुखद और हृदय विदारक अध्याय है। प्राचार्य ने सभी शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए विद्यार्थियों को उनकी कुर्बानी का महत्व समझाया और कहा कि हमें उनके बलिदान को कभी नहीं भूलना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि हमें अपने जीवन में अनुशासन, देशभक्ति, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा को अपनाना चाहिए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचार हमें समानता, शिक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूक बनाते हैं। यदि हम उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं, तो हम एक सशक्त और समृद्ध समाज का निर्माण कर सकते हैं। प्राचार्य ने अंत में सभी विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहें, अपने माता-पिता और शिक्षकों का सम्मान करें तथा देश के जिम्मेदार नागरिक बनकर राष्ट्र के विकास में अपना योगदान दें। प्रबंधक बसंत लाल बत्रा ने विद्यार्थियों को डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों पर चलने और शिक्षा के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया। वहीं उप-प्राचार्या साक्षी बत्रा ने वैसाखी पर्व की खुशियों को साझा करते हुए सभी को एकता, भाईचारे और मेहनत का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों को इन महान अवसरों की शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## समाधान शिविरों में जनसमस्याओं का प्राथमिकता से हो रहा समाधान : एडीसी

**कैथल, 13 अप्रैल ( सुरेंद्र कुमार ) :** एडीसी सुशील कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित समाधान शिविर आमजन की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविरों में प्राप्त होने वाली प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध और स्थायी निवारण सुनिश्चित करें। किसी भी जनशिकायत को लंबित न रखा जाए और प्रत्येक मामले का निपटारा प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। एडीसी सुशील कुमार सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में आमजन की शिकायतें सुनने के दौरान अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। शिविर के दौरान परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, पेंशन, बिजली बोर्ड, एचएसवीपी, पीडब्ल्यूडी, पुलिस विभाग सहित अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई। कई शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जबकि अन्य शिकायतों को संबंधित विभागों को भेजते हुए निर्धारित समय-सीमा में समाधान के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार आयोजित ये शिविर प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित कर रहे हैं। इससे न केवल पारदर्शिता बढ़ी है, बल्कि समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया भी तेज हुई है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपनी समस्याओं के समाधान के लिए समाधान शिविरों में बढ़-चढ़कर भाग लें। ये शिविर प्रत्येक सोमवार और वीरवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित किए जाते हैं, जहां प्रशासनिक अधिकारी जनसेवा के लिए उपलब्ध रहते हैं।

# डी-प्लान के पैसों का सही तरीके से करें इस्तेमाल, विकास कार्य में ढील नहीं होगी बर्दाश्त, लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई : डॉ राहुल रईया



**करनाल, 13 अप्रैल ( सुनील कुमार ) :** अतिरिक्त उपायुक्त डॉ राहुल रईया ने सोमवार को लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में डी प्लान के तहत करवाए जाने वाले विकास कार्यों को लेकर कार्यकारी एजेंसियों व संबंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक ली जिसमें करनाल जिला के जनप्रतिनिधि के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। अतिरिक्त उपायुक्त ने बैठक में निर्देश दिए कि सभी विभागों के अधिकारी डी-प्लान के तहत करवाए जाने वाले विकास कार्यों की सबसे पहले फिजिबिलिटी चेक करें और उसके उपरांत अनुमानित लागत की सही रिपोर्ट तैयार करके अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय में समय पर भेजना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि डी-प्लान की गाइड लाइन की अनुपालना के तहत विभागीय कार्य तथा आम जनता से संबंधित डी-प्लान के तहत करवाए जाने वाले विकास कार्यो की सूची संबंधित सांसद, विधानसभा क्षेत्र के विधायक व महापौर इत्यादि जन प्रतिनिधियों के माध्यम से अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय में भिजवाएं। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों को डी-प्लान की गाइड लाइन की प्रति भिजवाना सुनिश्चित करें ताकि आम जनता की मूलभूत आवश्यकताओं से संबंधित विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर करवाया जा सके।

डॉ. राहुल रईया ने सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि अपना कार्य ईमानदारी व अच्छे से करें और सरकारी पैसों का सही इस्तेमाल सुनिश्चित करें। निर्धारित समय अवधि में कार्य को पूरा करवाएं, निर्माण सामग्री की गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखें, विकास कार्य में बेवजह ढील बर्दाश्त नहीं होगी, लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की मासिक प्रगति रिपोर्ट तैयार की जाए जिसकी एजेंसी वाईज समीक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा कि धरातल पर विकास कार्य पूरा होने व चेकिंग रिपोर्ट के उपरांत समय पर बिल जमा करवाएं तथा उपयोगिता प्रमाण पत्र संबंधित कार्यकारी एजेंसी अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय को भेजें। इस मौके पर हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष एवं घरौंडा विधायक के राजनीतिक सचिव सुरेंद्र भौरिया, हरियाणा गवर्नमेंट चीफ व्हिप एवं इंद्री के विधायक प्रतिनिधि नवीन कुमार, करनाल के विधायक के प्रतिनिधि महेश शर्मा, डी-प्लान के परियोजना अधिकारी राजेंद्र कुमार व एपीओ जितेंद्र, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी कंचनलता, पंचायती राज के कार्यकारी अभियंता नारायण दत्त, नगर निगम की कार्यकारी अभियंता मोनिका शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी रोहताश वर्मा, उप सिविल सर्जन डॉ. आर. संधु, जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. सतपाल सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## त्यौहार सांस्कृतिक, एकता और भाईचारे का देते है संदेश : डा. घुम्मन



**शाहाबाद मारकंडा, 13 अप्रैल ( रूबी ) :** सतलुज सीनियर सैकेंडरी स्कूल में बैसाखी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्री-नर्सरी से दूसरी कक्षा तक के लगभग 150 विद्यार्थियों ने भाग लिया। नन्हे-मुन्ने बच्चे रंग-बिरंगी पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए। कार्यक्रम विद्यार्थियों ने लोक नृत्य, गिद्दा, और भंगड़ा प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने बैसाखी के महत्व पर कविताएं भी प्रस्तुत की। स्कूल के प्राचार्य डा. आर. एस. घुम्मन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बैसाखी न केवल फसलों के पकने अपितु नई ऋतु के आगमन का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि त्यौहार हमारे देश की सांस्कृतिक, एकता और भाईचारे का संदेश देते है। कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर उप-प्रधानाचार्य सतबीर सिंह सहित स्कूल स्टाफ मौजूद था।

# डीसी अपराजिता ने किया सीवन अनाज मंडी का दौरा



**कैथल, 13 अप्रैल ( सुरेंद्र कुमार ) :** डीसी अपराजिता ने सोमवार को सीवन अनाज मंडी का दौरा कर गेहूं खरीद, उठान व्यवस्था और गेट पास प्रणाली का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए और सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित रहें। उन्होंने अधिकारियों को निर्धारित मानकों के अनुसार खरीद सुनिश्चित करने तथा उठान में तेजी लाने के निर्देश दिए। डीसी ने किसानों से भी बातचीत की। निरीक्षण के दौरान डीसी ने मंडी में पहुंचकर गेहूं की ढेरियों पर नमी मापक यंत्र से नमी की जांच करवाई। इसके साथ ही उन्होंने कांटे पर एक बैग का वजन भी चेक किया, ताकि खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके। इसके बाद उन्होंने सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लेते हुए कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने एंट्री गेट पास एवं आउट गेट पास व्यवस्था की स्थिति की जानकारी ली और इस दौरान आउट गेट पास काटने में सामने आ रही तकनीकी समस्याओं के समाधान के लिए उच्चाधिकारियों से बातचीत करने का आश्वासन दिया। उन्होंने मंडी में उपलब्ध करवाई जा रही मूलभूत सुविधाओं की भी समीक्षा की और कहा कि व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीसी अपराजिता ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता किसानों की फसल की समय पर खरीद, उठान और भुगतान सुनिश्चित करना है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए सभी विभाग आपसी तालमेल के साथ कार्य करें और निर्धारित मानकों के अनुसार न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद सुनिश्चित करें। किसानों से अपील करते हुए डीसी ने कहा कि वे अपनी फसल को अच्छी तरह सुखाकर ही मंडी में लेकर आएं, ताकि खरीद बिना किसी बाधा के हो सके। इस मौके पर डीएफएससी वरिंद्र सिंह, नायब तहसीलदार मीनू कौशिक, मंडी सचिव सहित विभिन्न खरीद एजेंसियों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**डीसी ने लिया समस्याओं पर संज्ञान**

डीसी अपराजिता ने गेहूं खरीद सीजन को देखते हुए अलग-अलग मंडियों में आ रही समस्याओं पर सख्त संज्ञान लिया। उन्होंने सोलू माजरा गांव में साइलो में आ रही समस्या का समाधान करवाकर गेहूं खरीद शुरू करवाई। साथ ही आउट गेट पास संबंधी तकनीकी खामी को लेकर उन्होंने आला अधिकारियों को जानकारी भेजी। इसी प्रकार से डीसी लगातार सभी मंडियों में चल रही खरीद प्रक्रिया की मॉनिटरिंग कर रही हैं। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि कोई उठान एजेंसी अपने कार्य में लापरवाही बरतती है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। खरीद व उठान निर्धारित समय में पारदर्शी तरीके से होना चाहिए।

## 16 ग्राम स्मैक के मुख्य सप्लायर गिरफ्तार



**यमुनानगर, 13 अप्रैल ( दिनेश कुमार ) :** पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल के निर्देशानुसार जिले में नशे के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में अपराध शाखा-1 की टीम ने गत दिनों पकड़ी 16 ग्राम हेरोइन (स्मैक) के मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

इंचार्ज राजकुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उनकी टीम ने गुप्त सूचना पर पांजूपुर नहर पुल के पास से आरोपी शादीपुर निवासी इल्ताफ पुत्र नाजर हसन को 16 ग्राम हेरोइन (स्मैक) सहित गिरफ्तार किया था। पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि वह यह नशीले पदार्थ जिला सहारनपुर के गांव दुम्झेडा निवासी मुनशेद पुत्र दिलशाद से खरीदा था। टीम ने तुरंत कार्यवाही करते हुए आरोपी मुनशेद को भी गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

# करनाल नगर निगम वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 347 करोड़ 13 लाख 45 हजार रुपये का बजट पारित

### *नगर निगम का बजट पूरी तरह से जनता को समर्पित, विकास को मिलेगी नई गति : जगमोहन आनंद*

### *बजट करनाल को एक आधुनिक और सुविधायुक्त शहर बनाने में मील का पत्थर होगा साबित*



**करनाल, 13 अप्रैल ( परमजीत कौर ) :** महापौर रेनू बाला गुप्ता की अध्यक्षता में नगर निगम के वित्तीय वर्ष 2026-27 का 347 करोड़ 13 लाख 45 हजार रुपये के प्रस्तावित व्यय का बजट सोमवार को सर्वसम्मति से पारित हो गया। इस बजट में जन सुविधाओं पर खर्च को लेकर गत वर्ष की अपेक्षा ज्यादा जोर दिया गया है। बैठक में करनाल के विधायक जगमोहन आनंद, नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा, करनाल के सांसद प्रतिनिधि कविन्द्र राणा, सभी 20 वार्डों के निगम पार्षद और निगम के वरिष्ठ अधिकारी तथा शाखा अध्यक्ष मौजूद रहे। बैठक में विधायक जगमोहन आनंद ने प्रस्तुत बजट पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि नगर निगम का यह बजट पूरी तरह से जनता को समर्पित है। इससे शहर के विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आवंटित बजट का शत-प्रतिशत और सही उपयोग सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने पार्षदों से अपील की कि वे अपने वार्डों की जरूरतों के अनुसार प्राथमिकता तय करें ताकि विकास कार्यों का लाभ सीधे जनता तक पहुंचे। अधिकारियों और पार्षदों के आपसी सहयोग से शहर उन्नति की नई दिशा की ओर अग्रसर होगा। उन्होंने पार्षदों को कहा कि सप्ताह में कम से कम 2 से 3 बार निगम कार्यालय आना चाहिए ताकि वे अपने क्षेत्र की समस्याओं और विकास कार्यों की प्रगति पर नजर रख सकें। उन्होंने नगर निगम के एएमसी को निर्देश दिए कि सभी पार्षदों को बजट के बारे में संक्षिप्त और विस्तृत जानकारी दी जाए ताकि किसी के मन में कोई संदेह न रहे।

**अगले बजट में प्री-बजट मीटिंग वार्ड स्तर पर की जाएगी आयोजित : महापौर**

बैठक में महापौर रेनू बाला गुप्ता ने कहा किया कि यह बजट करनाल को एक आधुनिक और सुविधायुक्त शहर बनाने में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने बताया कि सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। अगले बजट में प्री-बजट मीटिंग वार्ड स्तर पर आयोजित की जाएगी, ताकि बजट निर्माण में आम जनता और वार्ड समितियों के सुझावों को भी शामिल किया जा सके और विकास योजनाएं धरातल की जरूरतों के अनुरूप बन सकें। नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने विधायक, महापौर व सभी पार्षदों को आश्वासन दिया कि शहर में तेजी से विकास कार्य करवाए जाएंगे। आमजन की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समस्या का पता लगने पर उसका तुरंत समाधान निकाला जाए। इस कार्य में लेट-लतीफी न की जाए। उन्होंने शहर में बेहतर व्यवस्था और सुनियोजित तरीके से विकास कार्य करवाने के लिए हाऊस का सहयोग मांगा। बैठक में कविंद्र राणा ने भी बजट को और बेहतर बनाने के लिए सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की तर्ज पर अब नगर निगम में भी प्री-बजट बैठकों का आयोजन हो ताकि समावेशी बजट तैयार किया जा सके। बैठक में अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार, उप निगम आयुक्त विनोद नेहरा, सभी निगम पार्षद व मनोनीत पार्षद सहित नगर निगम के अधिकारी मौजूद रहे।

# कृष्ण बेदी ने किया डिवाइन इंटरनेशनल कैम्ब्रिज मोन्टेसरी प्री प्राईमरी स्कूल का उद्घाटन

### *विद्यार्थियों को जीवन में मेहनत, अनुशासन एवं लक्ष्य के प्रति रहना चाहिए समर्पित : कृष्ण बेदी*



**शाहाबाद मारकंडा, 13 अप्रैल ( रूबी ) :** शिक्षा के क्षेत्र में एक नई पहल करते हुए डिवाइन इंटरनेशनल स्कूल का उद्घाटन हर्षोल्लास और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री श्री कृष्ण कुमार बेदी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉ. गुरदीप सिंह हेयर एवं डॉ. परमजीत सिंह हेयर ने मुख्यातिथि का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इसके पश्चात निदेशक डॉ. गुरदीप सिंह हेयर, डॉ. परमजीत सिंह हेयर तथा मुख्यातिथि कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में विधायक रामकरण काला, यशपाल वधवा और नगरपालिका के प्रधान गुलशन कवातरा सहित गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की। बच्चों द्वारा स्वागत गीत और दुर्गा स्तुति की प्रस्तुतियां दी गई तथा बैसाखी के उपलक्ष्य में पंजाब का पारंपरिक भांगड़ा और गिद्धा प्रस्तुत कर सभी अतिथियों का मन मोह लिया। विद्यालय के निदेशक डॉ.गुरदीप सिंह हेयर ने विद्यालय के विजन और उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि डिवाइन इंटरनेशनल स्कूल अन्य संस्थानों से अलग आधुनिक शिक्षाए अनुशासन और नैतिक मूल्यों के माध्यम से विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए कार्य करेगा। यहाँ शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं होगी बल्कि सीखने की व्यवहारिक पद्धति पर आधारित होगी। डॉ. अर्शदीप कौर हेयर, डा. हरचरण कौर हेयर, डॉ. बलकरण सिंह हेयर, डा. प्रभनूर हेयर, डा. हरचरणबीर कौर हेयर, डा.अमनबीर कौर हेयर, मनराज उपस्थित रहे। राजिंदर खुब्बर और मनीष मलिक ने सभी का आभार व्यक्त किया। मुख्यातिथि कृष्ण कुमार बेदी ने विद्यार्थियों को जीवन में मेहनत, अनुशासन एवं लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। मंच संचालन मनीष मलिक ने किया। अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथा वाचक ज्ञानी साहिब सिंह, अधिवक्ता गौरव बेदी, मलिक विजय आनंद, पार्षद ईशु सचदेवा, राज कुमार गर्ग, सुरेंद्र पाल सिंह लाली, जगदेव सिंह गाबा, संजय मनचंदा, दीपक सिंघल, अमन सिंघल, दीपाली सिंघल, पीयूष राव, पार्षद अमित सिंघल, कमित सचदेवा, चंदन मलिक, महेश भगत, सहित विभिन्न क्लबों, संस्थाओं के पदाधिकारी मौजूद थे।

## त्यौहारों और महापुरुषों के मूल्यों को जीवन में अपनाना चाहिए : दीपाली सिंघल



**शाहाबाद मारकंडा, 13 अप्रैल ( रूबी ) :** आइंस्टीन इंटरनेशनल स्कूल शाहाबाद में बैसाखी एवं अंबेडकर जयंती का आयोजन बड़े उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा पहली के विद्यार्थियों आदविक व कियारा द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना से हुई। विद्यार्थी वरदान सिंह ने अंबेडकर जयंती के अवसर पर प्रेरणादायक भाषण प्रस्तुत किया। जिसमें डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन एवं उनके योगदान पर प्रकाश डाला गया। महराज कौर ने बैसाखी पर्व पर सुंदर कविता प्रस्तुत की। कक्षा पहली के विद्यार्थयों द्वारा खालसा साजना दिवस पर कविता प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में नाटक भी प्रस्तुत किया गया, जिसमें किसानों के जीवन को दर्शाया गया कि वह किस प्रकार फसल उगाते हैं और कड़ी मेहनत से उसकी कटाई करते हैं। बैसाखी एवं अंबेडकर जयंती से संबंधित प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी किया गया।

विद्यालय के चेयरपर्सन देवेन्द्र सिंगला ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से छात्र अपनी संस्कृति एवं महान व्यक्तित्वों के आदर्शों से परिचित होते हैं। विद्यालय की डायरेक्टर दीपाली सिंघल ने कहा कि हमें अपने त्यौहारों और महापुरुषों के मूल्यों को जीवन में अपनाना चाहिए, तभी हम एक सशक्त और संस्कारित समाज का निर्माण कर सकते हैं। स्कूल की उपप्राचार्या संध्या वर्मा ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि हमें अपने सभी भेदभाव भुलाकर मिलजुल कर हर्ष के साथ मनाने चाहिए।

# सिंघड़ा आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण पखवाड़ा मनाया, महिलाओं व बच्चों को दिया स्वास्थ्य का संदेश

**निसिंग, 13 अप्रैल ( जोगिंद्र सिंह ) :** निसिंग क्षेत्र के गांव सिंघड़ा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण पखवाड़ा बड़े ही उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं, बच्चों और ग्रामीणों को स्वस्थ पोषण और स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।




कार्यक्रम में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की जिला सलाहकार नेहा शर्मा और बीआरसी नवनीत सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। नेहा शर्मा ने महिलाओं को दूषित पानी से होने वाली बीमारियों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि अशुद्ध पानी के सेवन से डायरिया, टायफाइड और हैजा जैसी गंभीर बीमारियां फैल सकती हैं। उन्होंने स्वच्छ पानी के उपयोग पर विशेष जोर दिया। बीआरसी नवनीत सिंह ने ग्रामीण महिलाओं को पानी की गुणवत्ता की जांच करने के तरीकों के बारे में जागरूक किया। उन्होंने मौके पर ओटी किट के माध्यम से पानी की जांच कर व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया, जिससे महिलाओं को सही तरीके से पानी जांचने की जानकारी मिली।

इसके साथ ही नेहा रानी ने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों के पालन-पोषण, संतुलित आहार, स्वच्छता और सही देखभाल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बच्चों के शुरुआती वर्षों में पोषण और स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना बेहद जरूरी है। इस अवसर पर गांव की सरपंच कमलजीत कौर, सुपरवाइजर लखविंदर सिंह, आंगनवाड़ी वर्कर निशा चौहान, एएनएम मुल्की देवी, एमपीएचडब्ल्यू सुरेंद्र सिंह तथा आशा वर्कर रानी, देबो और संतोष सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी को स्वच्छता और पोषण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया।

# मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0 के तहत बीपीएल परिवारों को ड्रॉ से 1667 प्लॉटों का किया आवंटन : अमित कुमार

**करनाल, 13 अप्रैल ( प्रवीन ) :** जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमित कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को डॉ. मंगलसेन ऑडिटोरियम में हरियाणा सरकार की ओर से सर्वस्व आवास विभाग हरियाणा पंचकूला के महानिदेशक के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0 के तहत पोर्टल पर दर्ज लाभार्थियों को प्लॉट आवंटन के लिए एचएसवीपी प्लेटफॉर्म के माध्यम से ड्रॉ निकाला गया। जिला के 12 गांवों के बीपीएल लाभार्थियों को आवंटित किए जाने वाले 1667 प्लॉटों का ऑनलाइन ड्रॉ संबंधित गांवों के लाभार्थियों की मौजूदगी में निकाला गया। इनमें अनुसूचित जाति के लाभार्थियों के 1017 प्लॉट, अन्य जातियों के लाभार्थियों के 527 प्लॉट, विधवा लाभार्थियों के 119 प्लॉट व घुमंतू जाति के लाभार्थियों के 4 प्लॉट शामिल हैं। इस अवसर पर सीईओ जिला परिषद अमित कुमार ने बताया कि हरियाणा सरकार की ओर से जिला के 12 गांवों के बीपीएल परिवारों को ड्रॉ के माध्यम से प्लॉट आवंटित किए गए।



इनमें असंध ब्लॉक के बाहरी गांव में 81 प्लॉट, रिसालवा में 32 प्लॉट, चिड़ाव ब्लॉक के बड़ौता गांव में 20 प्लॉट, इंद्री ब्लॉक के गांव उडाना में 22 प्लॉट, करनाल ब्लॉक के गांव भूसली में 76 प्लॉट, मोहिंदीपुर में 22 प्लॉट, स्टौंडी में 153 प्लॉट, मूनक में 533 प्लॉट, बल्ला में 221 प्लॉट, नीलोखेड़ी ब्लॉक के अंजनथली गांव में 267 प्लॉट, बोहला खालसा में 132 प्लॉट और सिदपुर में 108 प्लाटों का आवंटन किया गया। इस मौके पर एचएसवीपी से लेखा अधिकारी सर्वजीत सिंह, डीडीपीओ कंचन लता, डिप्टी सीईओ रोजी रंगा, डीआरडीए से पीओ अमिता अरोडा, डीपीएम राजकुमार संधू व विवेक शर्मा, प्रधानमंत्री आवास योजना के समन्यक जोगिंदर सिंह तथा पवन कुमार भी उपस्थित रहे।

# वैशाखी का पर्व गेहूं की फसल पकने का प्रतीक : कैलाशो सैनी

**बाबैन, 13 अप्रैल ( राजेश कुमार ) :** भारत पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बाबैन में बैसाखी का पर्व बड़े हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल की प्रबंधक कमेटी की प्रधान एवं पूर्व सांसद प्रोफेसर कैलाशो सैनी द्वारा सभी उपस्थितजनों को बैसाखी की शुभकामनाएं देने के साथ हुई। उन्होंने विद्यार्थियों को बैसाखी पर्व के महत्व की जानकारी देते हुए बताया कि यह त्योहार विशेष रूप से पंजाब प्रदेश में बड़े धूमधाम से मनाया जाता है तथा यह किसानों के लिए गेहूं की फसल पकने की खुशी का प्रतीक है। उन्होंने ऐतिहासिक संदर्भ देते हुए बताया कि गुरु गोविंद सिंह जी ने 13 अप्रैल 1699 को आनंदपुर साहिब में खालसा पंथ की स्थापना की थी, जो सिख इतिहास की एक महत्वपूर्ण घटना है। इसके साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को जलियांवाला बाग हत्याकांड की दुखद घटना के बारे में भी अवगत कराया, जब अंग्रेज अधिकारी जनरल डायर के आदेश पर निहत्थे भारतीयों पर गोलियां चलाई गईं, जिसमें अनेक निर्दोष लोगों की जान गई। इस अवसर पर विद्यालय में विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। बच्चों ने बैसाखी के उपलक्ष्य में भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया तथा कविता-पाठ, गायन और नृत्य के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती भी बड़े उत्साह के साथ मनाई गई।



स्कूल की प्राचार्या सुनीता खन्ना ने डॉ. अंबेडकर के जीवन से जुड़े प्रेरणादायक प्रसंग साझा करते हुए विद्यार्थियों को उनके आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों ने भी उनके जीवन चरित्र पर आधारित भाषण एवं कविताएं प्रस्तुत कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# जांच, उपचार और संदर्भ प्रणाली में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं : उपायुक्त डॉ विरेंदर कुमार दहिया




**पानीपत, 13 अप्रैल ( हरप्रीत छतवाल ) :** जिला सचिवालय सभागार में सोमवार को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त डॉ. विरेंद्र कुमार दहिया ने की। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को बच्चों की स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत बनाने के लिए सख्त निर्देश दिए गए। उपायुक्त डॉ दहिया ने कहा कि आरबीएसके जैसी महत्वपूर्ण योजना को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करना सुनिश्चित किया जाए, ताकि जन्म से 18 वर्ष तक के बच्चों में बीमारियों और विकारों की समय रहते पहचान हो सके।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जांच, उपचार और संदर्भ प्रणाली में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उपायुक्त ने बताया कि जिले के सभी 418 सरकारी स्कूलों और 1048 आंगनवाड़ी केंद्रों को कवर करते हुए कुल 2,19,805 बच्चों की स्वास्थ्य जांच की गई है।

इनमें 1,36,252 आंगनवाड़ी और 83,553 स्कूली बच्चे शामिल हैं। इनमें से 113 बच्चों की सर्जरी (शल्य चिकित्सा) भी करवाई जा चुकी है। जिला प्रारंभिक हस्तक्षेप केंद्र (डीईआईसी) के तहत 8,748 नए बच्चों ने सेवाएं प्राप्त कीं, जबकि 6,022 मामलों का अनुवर्ती किया गया और 9,959 बच्चों को विभिन्न प्रकार की थेरेपी (चिकित्सीय उपचार) दी गई। विदित रहे कि बैठक में आरबीएसके की 9 टीमों और 7 वाहनों के माध्यम से किए जा रहे कार्यों की समीक्षा भी की गई।टीमों की नियमित निगरानी, संदर्भ प्रणाली को मजबूत करने और विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

उपायुक्त डॉ. दहिया ने कहा कि योजना का उद्देश्य तभी सफल होगा जब हर जरूरतमंद बच्चे तक समय पर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचें। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य में तेजी लाते हुए योजना के क्रियान्वयन को और प्रभावी बनाया जाए, ताकि बच्चों का भविष्य सुरक्षित किया जा सके। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त अंकित चौकसे, सीएमओ डॉ विजय मलिक, डॉ ललित वर्मा, डीईओ राकेश बूरा के अलावा विभिन्न विभागों से अधिकारी मौजूद रहे।

# ईडब्ल्यूएस आवास योजना के तहत लाभार्थियों का चयन, जिला प्रशासन ने बताया पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष

**पानीपत, 13 अप्रैल ( हरप्रीत छतवाल ) :** जिला सचिवालय सभागार में सोमवार को हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्लूएस) के फ्लैटों के आवंटन हेतु ड्रॉ ऑफ लॉट्स का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न श्रेणियों के आवेदकों की उपस्थिति रही तथा पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराया गया।



उपायुक्त डॉ. विरेंदर कुमार दहिया ने कहा कि ईडब्ल्यूएस आवास योजना सरकार की एक अत्यंत महत्वपूर्ण सामाजिक कल्याणकारी पहल है, जिसका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को सम्मानजनक और सुरक्षित आवास उपलब्ध कराना है। इस प्रकार के पारदर्शी ड्रॉ से यह सुनिश्चित होता है कि वास्तविक पात्र परिवारों तक ही योजना का लाभ पहुंचे। प्रशासन की प्राथमिकता है कि पूरी प्रक्रिया में शत-प्रतिशत ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही बनी रहे। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन इस पूरी योजना की सतत मॉनिटरिंग कर रहा है और भविष्य में भी इसी प्रकार निष्पक्ष एवं पारदर्शी आवंटन प्रक्रिया जारी रहेगी, ताकि आमजन का सरकारी योजनाओं पर विश्वास और अधिक मजबूत हो सके।

एडीसी अंकित चौकसे ने जानकारी देते हुए बताया कि ड्रॉ के परिणामों में विधवा श्रेणी के 15 लाभार्थियों को ईडब्ल्यूएस फ्लैटों का आवंटन किया गया। चयनित लाभार्थियों में धर्मेंद्र, सोनू, गीता देवी, बबीता, कंचन, कांता इश्रत, शोभा, संगीता, संतोष, जगमा, पूनम, सुमन तथा प्रेमलता सहित अन्य नाम शामिल रहे। चयन की घोषणा के बाद लाभार्थियों में खुशी का माहौल देखने को मिला।

इसके अलावा अनुसूचित जाति श्रेणी के 30 लाभार्थियों को भी फ्लैट आवंटित किए गए। इस सूची में रजनी देवी, ज्योति, अरुण कुमार, मंजीत, सोनिया, वीरेंद्र कुमार, अनवारी, इटावरी लाल, रीना, मोहम्मद बिलाल, भुवालराम, परवेश, नीलम, सोनी देवी, मीनाक्षी मलिक, सीमा रानी, अंशिका भारती, पूजा, संझिया देवी, मीना, मंजू पुनिया, पिंकी, शिप्रा, कृष्णा, बलराम, सहदूर, सलाउद्दीन, देवी लाल तथा पूजा देवी प्रमुख रूप से शामिल रहे।

वहीं अनुसूचित जाति श्रेणी के 11 आवेदकों को प्रतीक्षा सूची (वेटिंग लिस्ट) में रखा गया है। इस सूची में सोनू देवी, निर्मला, लेखराज, सुनीता, सुनीता (द्वितीय), रघुनाथ सिंह, वर्षा, नीलम, मुन्ने, उर्मिला तथा नीलेमा के नाम शामिल हैं। उन्होंने पूरी ड्रॉ प्रक्रिया की निगरानी करते हुए योजना के क्रियान्वयन पर विस्तृत फोकस किया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि आवंटन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, निष्पक्ष और तकनीकी रूप से मजबूत रहनी चाहिए, ताकि किसी भी पात्र लाभार्थी के साथ किसी प्रकार का अन्याय न हो।

# किताबी ज्ञान को व्यावहारिक अनुभव से जोड़ने की पहल : अनिल मलिक

**पानीपत, 13 अप्रैल ( हरप्रीत छतवाल ) :** पंजाब नैशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, द्वारा संचालित ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण बैच की 22 प्रशिक्षार्थी छात्राओं को सोमवार को शहर के दो प्रमुख आधुनिक सैलूनों का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस विजिट का उद्देश्य छात्राओं को ब्यूटी इंडस्ट्री के वास्तविक कार्य वातावरण, नवीनतम तकनीकों और सफल व्यवसाय मॉडल्स से परिचित कराना था।




सबसे पहले छात्राओं ने दो सैलून का दौरा किया, जहाँ उन्हें मेकअप, हेयर स्टाइलिंग तथा एडवांस स्किन केयर में प्रयोग होने वाले आधुनिक उपकरणों और तकनीकों की जानकारी दी गई। सैलून की संचालिका ने मेकअप से जुड़ी बारीकियों को साझा किया, जबकि फेशियल विशेषज्ञ ने आधुनिक फेशियल तकनीकों का विस्तृत प्रदर्शन किया।

उन्होंने यह भी बताया कि उन्होंने स्वयं भी पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान से ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण प्राप्त किया है। यह सैलून अपनी उन्नत सेवाओं और आधुनिक तकनीकों के लिए जाना जाता है। इसके पश्चात छात्राओं ने प्रोफेशनल हेयर कटिंग, हेयर स्टाइलिंग, मैनीक्योर-पेडीक्योर तथा हाई-एंड फेशियल तकनीकों का लाइव प्रदर्शन किया। साथ ही छात्राओं को सैलून प्रबंधन, नवीन मशीनों के उपयोग तथा ग्राहक सेवा से जुड़े महत्वपूर्ण गुर भी सीखे।

संस्थान के सहायक अनिल मलिक ने बताया कि इस तरह के शैक्षणिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य छात्राओं के किताबी ज्ञान को व्यावहारिक अनुभव में बदलना है, ताकि वे भविष्य में आत्मविश्वास के साथ अपना स्वयं का रोजगार शुरू कर सकें।

भ्रमण के दौरान विशेषज्ञों ने छात्राओं को ग्राहकों से संवाद, स्वच्छता मानकों तथा बाजार में चल रहे नवीनतम ब्यूटी ट्रेंड्स की भी जानकारी दी। इस अनुभव को छात्राओं ने अत्यंत प्रेरणादायक और उपयोगी बताया तथा कहा कि इससे उन्हें अपने करियर को नई दिशा और आत्मविश्वास मिला है।

# कहीं नाली से तो कही खिड़की से आधी रात बिक रही शराब

**जबलपुर, 13 अप्रैल ( निस ) :** शहर में आधी रात को भी आसानी से शराब उपलब्ध हैं। कही नाली बनाकर तो कही शटर में खिड़की बनाकर शराब बेची जा रही हैं। धनवंतरीनगर शराब दुकान और त्रिपुरी चौक गढ़ा पुरवा में ओवर रेटिंग के साथ नियमों को ताक पर रखकर आधी रात को भी शराबियों को शराब उपलब्ध कराई जा रही है।

गढ़ा पुरवा दुकान का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें न केवल ओवर रेटिंग पर शराब बेचने की बात कही जा रही है बल्कि पुलिस को भी हफ्ता पहुंचाने की बात खरीददार कर रहा है।

बताया गया है कि गढ़ा पुरवा दुकान में एक नालीनुमा छेद बनाकर (खुफिया होल) से दुकान बंद होने के बाद शराब बेचने की शिकायत सामने आई है।,

स्थानीय लोग शराबखोरी से परेशान थे उसके बाद किसी ने वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर दिया। इस पूरे घटनाक्रम ने क्षेत्रीय पुलिस और आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं कि आखिर थाने के इतने करीब यह गोरखधंधा किसकी शह पर फल-फूल रहा था।

**एसपी की फटकार के बाद नाली बंद............**

वीडियो वायरल होने और मामला संज्ञान में आने के बाद पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय ने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए तत्काल पुलिस को फटकार लगाई है। एसपी के कड़े रुख के बाद हरकत में आई पुलिस ने शराब दुकान में बने नालीनुमा उस खुफिया होल को बंद करवा दिया है जिससे देर रात शराब की सप्लाई की जा रही थी।

**धनवंतरीनगर में खिड़की से बिक रही शराब.........**

इसी तरह धनवंतरीनगर शराब दुकान में शटर काट कर उसमें बनाई गई चोर खिड़की से सुरा प्रेमियों की प्यास बुझाई जा रही है।

बात बस इतनी नहीं है, असल में देर रात शराब दुकानों तक पहुंचने वाले ज्यादातर अपराधी होते हैं। जो शराब पीने के बाद सड़क पर आपराधिक वारदातों को अंजाम देते हैं।

# अल्पाईन स्कूल में धूम-धाम से मनाया गया बैसाखी पर्व

**शाहाबाद मारकंडा, 13 अप्रैल ( रूबी ) :** अल्पाईन पब्लिक स्कूल में बैसाखी का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बैसाखी का महत्व बताते हुए विद्यालय की दसवीं कक्षा की छात्राओं रितिका और जिया ने अपने विचार भाषण के माध्यम से प्रस्तुत किए। यह त्योहार फसल पकने पर ईश्वर का आभार व्यक्त करने का त्यौहार है। इसी दिन ही श्री गुरु गोविंद सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। इसके साथ यह त्यौहार जलियांवाला बाग घटना से संबंधित है जिसमें लोगों ने देश के लिए अपना बलिदान दिया था। इसके बाद विद्यालय के विद्यार्थी रनजोध सिंह ने मूल मंत्र प्रस्तुत किया। आठवीं कक्षा के छात्र अर्पन सिंह ने पंजाबी गीत की धुन पर एकल नृत्य प्रस्तुत किया तथा कक्षा तीसरी,सातवीं तथा नवमी की छात्राओं ने भी जोरदार एवं उल्लसित नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। इस अवसर पर कक्षा प्री-नर्सरी से द्वितीय कक्षा तक के विद्यार्थियों ने परंपरागत वेशभूषा में उपस्थित होकर देश की संस्कृति एवं रहन-सहन का परिचय दिया। विद्यालय के निर्देशक दीपक सिंघल ने सभी को बैसाखी त्यौहार बारे बताते हुए कहा कि यह त्योहार हमें हमारी संस्कृति, इतिहास एवं परंपराओं से जोड़ता है इसलिए सबका यह कर्तव्य है कि देश की




सांस्कृतिक समृद्धि के लिए हम अपने त्यौहारों एवं परंपराओं के प्रति जागरूक रहें। उन्होंने विद्यालय के अध्यापकों गीतिका एवं केशव का कार्यक्रम को सफल बनाने एवं विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। इस मौके पर विद्यालय की कोऑर्डिनेटर प्रोमिला, डिम्पल, शैली, प्रीति, कविता,ज्योति शर्मा, मीनू शर्मा, सुमन पीटर, वीना, पूनम, पूनम मल्होत्रा, दिव्या, सीमा, नेहा, सिमरन, सविता, परमजीत,गुरविंदर कौर, पूजा, रजनी, प्रवीण, बलविंदर कौर, हरप्रीत, स्वीटी, कुलविंदर कौर, गौरव बत्तरा, पूनम रानी आदि उपस्थित थे।

# मंड़ियों में अव्यवस्थाएं,किसान-आढ़ती परेशान : सुरजीत संधू

**करनाल, 13 अप्रैल ( परमजीत कौर ) :** इंडियन नेशनल लोकदल के पूर्व युवा प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय महासचिव सुरजीत संधू ने करनाल की अनाज मंडी में फैली अव्यवस्थाओं को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि मंडी में किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए कई-कई किलोमीटर लंबी लाइनों में ट्रैक्टर-ट्रॉलियां खड़ी कर घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। उन्होंन कहा कि मंडी में बायोमेट्रिक सिस्टम बार-बार ठप हो जाता है और कई बार सर्वर डाउन रहने से कामकाज प्रभावित होता है, जिससे किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। संधू ने आरोप लगाया कि नमी के नाम पर किसानों की फसल में कटौती की जा रही है और उनकी समस्याओं को सुनने वाला कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि मंडी में व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है, जिससे किसानों और आढ़तियों दोनों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने आगे बताया कि उनकी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदेश की विभिन्न मंडियों का दौरा कर रहे हैं और जल्द ही करनाल मंडी पहुंचकर किसानों और आढ़तियों की समस्याएं सुनेंगे। इस दौरान सभी मुद्दों को उनके समक्ष रखा जाएगा, ताकि सरकार से जवाब मांगा जा सके और समस्याओं का समाधान कराया जा सके।



# डीएवी पब्लिक स्कूल में बैसाखी का पर्व बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया

**करनाल, 13 अप्रैल ( रविन्द्र मलिक ) :** शहर के सेक्टर-13 स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में बैसाखी का पर्व बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पूरा विद्यालय पंजाबी संस्कृति के रंग में रंगा नजर आया। कार्यक्रम की शुरुआत स्पेशल असेंबली से हुई, जिसमें मीना डिंगरा ने बैसाखी के महत्व पर प्रेरणादायक संदेश दिया। बच्चों ने सुंदर कविताओं के माध्यम से सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर किंडरगार्टन के बच्चों की माताओं को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। पारंपरिक पंजाबी वेशभूषा में सजी माताएं और बच्चे कार्यक्रम की शोभा बढ़ाते नजर आए। माताओं और बच्चों ने मिलकर रैंप वॉक, बैलून गेम्स और अन्य मनोरंजक गतिविधियों में भाग लिया। भांगड़ा नृत्य ने पूरे माहौल को जोश और खुशी से भर दिया। मुख्य अध्यापिका आशा चौधरी ने सभी को बैसाखी पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी और आभार व्यक्त करते हुए अभिभावकों को विद्यालय से जुड़े रहने का संदेश दिया।



# किड्जी स्कूल में वैसाखी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**लाडवा, 13 अप्रैल (राम गोपाल) :** किड्जी स्कूल में बैसाखी का त्योहार बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों जैसे नृत्य, गीत, कविता और पोस्टर-निर्माण के माध्यम से वैसाखी के महत्व को दर्शाया। बच्चों ने पंजाबी वेशभूषा में भांगड़ा और गिद्दा प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।

वैसाखी के उपलक्ष्य में पंजाब की संस्कृति के बारे में बताने के लिए पंजाब की झलकियों का भी प्रदर्शन किया गया, जिसमें पंजाब की समृद्ध संस्कृति और वहाँ के जीवन के दृश्य दिखाए गए। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को वैसाखी के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व के बारे में बताया गया।

उन्हें बताया गया कि वैसाखी फसल कटाई का त्योहार है और इसी दिन 1699 में गुरु गोबिंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। विद्यार्थियों ने भी अपने विचार साझा करते हुए बताया कि त्योहार हमें अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ते हैं। वैसाखी हमें यह संदेश देती है कि मेहनत का फल हमेशा मीठा होता है। यह पर्व प्रत्येक वर्ष 13 या

***त्योहार आपसी भाईचारे और एकता का प्रतीक हैं : विम्मी तनेजा***




14 अप्रैल को मनाया जाता है और यह पंजाब व उत्तर भारत का प्रमुख त्योहार है। विद्यालय की प्रधानाचार्या विम्मी तनेजा ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति का सम्मान करने, मेहनत करने और खुशियाँ बाँटने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि त्योहार आपसी भाईचारे और एकता का प्रतीक हैं।

कार्यक्रम का समापन सभी विद्यार्थियों को अपनी परंपराओं को संजोकर रखने और समाज में प्रेम व सद्भाव फैलाने के संकल्प के साथ किया गया। इस अवसर पर स्कूल की कॉर्डिनेटर प्रभा और अध्यापिकाएं मुस्कान मग्गो, गीता शर्मा, सोनिया, सोनी, गीता, गौरव, शैल्वी, पल्लवी, कविता, आयुषी, वंदना, हिमांशी, डोली, रविंद्र, स्वाति, अनु, निशु, रेनू, गरिमा, शिवानी, वर्षा, मुस्कान, सुनीता, मंजू शामिल हुईं।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के लिए अवसर : शालिनी नारंग

**करनाल, 13 अप्रैल (सुनील कुमार) :** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्र करनाल द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्मपाल ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शालिनी नारंग (प्रधानाचार्य, दयाल सिंह पब्लिक स्कूल) रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत




उपनिदेशक डॉ. अमित कुमार जैन द्वारा मुख्य अतिथि के परिचय से की गई। इसके पश्चात क्षेत्रीय केंद्र करनाल की महिला कर्मचारियों एवं ब्लॉक कोऑर्डिनेटर प्रवीना द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। अपने स्वागत संबोधन में डॉ. धर्मपाल ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राजनीति एवं प्रशासन में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी से समाज में उन्हें नई ऊंचाइयां प्राप्त होंगी। उन्होंने कहा की यह अधिनियम सांसद एवं राज्य विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है मुख्य अतिथि शालिनी नारंग ने अपने विचार रखते हुए कहा कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करना देश की दिशा और दशा बदलने वाला निर्णय सिद्ध होगा। उन्होंने वर्तमान समय में महिलाओं की राजनीति और प्रशासन में बढ़ती भागीदारी पर प्रकाश डाला तथा अनेक प्रेरणादायक उदाहरणों के माध्यम से महिलाओं को घर से बाहर निकलकर अपनी क्षमताओं को पहचानने और उन्हें साकार करने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में लगभग 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें इग्नू के विद्यार्थी, विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों से जुड़ी महिलाएं तथा इग्नू का स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

# लाडवा कॉलेज परिसर मे पोषण पखवाड़े का आयोजन

***स्वयंसेवक पूरे उत्साह और जिम्मेदारी के साथ इस अभियान में भाग लें : प्रो. कुशल पाल***

**लाडवा, 13 अप्रैल (राम गोपाल) :** लाडवा कॉलेज परिसर में 9 अप्रैल से 23 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं स्थानीय समुदाय में पोषण, स्वास्थ्य और संतुलित आहार के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। पखवाड़े की औपचारिक शुरुआत 11 अप्रैल को राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस के स्वयंसेवकों के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम से हुई। इस प्रशिक्षण में पोषण, स्वास्थ्य एवं पोषण अभियान से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों ने विस्तार से जानकारी दी। स्वयंसेवकों को संतुलित आहार, कुपोषण की पहचान, स्वच्छता और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के उपायों के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत 11 से 23 अप्रैल तक एनएसएस स्वयंसेवक आसपास के क्षेत्रों में घर-घर जाकर जागरूकता अभियान चलाएंगे। इस दौरान वे लोगों को संतुलित आहार के महत्व, पोषक तत्वों की आवश्यकता तथा दैनिक जीवन में स्वस्थ आदतों को अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे। इसके साथ ही विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियां जैसे पोस्टर अभियान, स्वास्थ्य संवाद और सामुदायिक संपर्क कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। महाविद्यालय के प्राचार्य ने इस



अवसर पर स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि वे पूरे उत्साह और जिम्मेदारी के साथ इस अभियान में भाग लें और समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। वहीं, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुमन सिवाच ने बताया कि पोषण पखवाड़ा केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक जन-आंदोलन है, जिसका उद्देश्य समाज में स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक बदलाव लाना है। उन्होंने कहा कि इस पहल से विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना भी विकसित होगी और वे समाज के सशक्त निर्माण में योगदान दे सकेंगे। मुख्यवक्ता और शिक्षिका गृह-विज्ञान विभाग ने विद्यार्थियों को प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान पौष्टिक व स्वास्थ्यवर्धक आहार के बारे में बताया। सोमवार को पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 42 विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में बढ़-चढ़ कर भाग लिया। प्रतियोगिता में आर्यन शर्मा बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष, नैन्सी बी.ए. तृतीय वर्ष और सानिया बी.ए. तृतीय वर्ष तथा आशू ओजला बी.ए. प्रथम वर्ष क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। महाविद्यालय प्रशासन को उम्मीद है कि इस पखवाड़े के माध्यम से पोषण एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता में वृद्धि होगी और समाज में स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा मिलेगा।

# सावित्रीबाई सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया बैसाखी पर्व

**बाबैन, 13 अप्रैल (राजेश कुमार) :** सावित्रीबाई सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बाबैन में बैसाखी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास, उत्साह एवं पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर रंग-बिरंगे परिधानों, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और विद्यार्थियों की उमंग से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को पंजाब की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, फसल कटाई के इस महत्वपूर्ण पर्व तथा इसके



ऐतिहासिक महत्व से अवगत कराना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा के साथ हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने बैसाखी पर्व के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने बताया कि बैसाखी न केवल किसानों के लिए फसल कटाई का त्योहार है, बल्कि यह सामाजिक एकता, परिश्रम और कृतज्ञता का प्रतीक भी है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने पारंपरिक पंजाबी वेशभूषा धारण कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। रंग-बिरंगे कपड़ों में सजे बच्चों ने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत भांगड़ा और गिद्धा जैसे लोक नृत्यों ने उपस्थित सभी का मन मोह लिया और दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया। विद्यालय की प्रिंसिपल खुशबू सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि बैसाखी का पर्व हमें मेहनत, समर्पण और प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने यह भी बताया कि इसी दिन खालसा पंथ की स्थापना हुई थी, जिससे इस पर्व का ऐतिहासिक महत्व और भी बढ़ जाता है। कार्यक्रम का समापन हर्ष और उल्लास के वातावरण में हुआ, जहां सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर इस पर्व की खुशियां साझा कीं।

# 207 वोटों से अनिल मोर की ऐतिहासिक जीत नरवाना बार एसोसिएशन के बने प्रधान

**नरवाना 13 अप्रैल (नरेन्द्र कुमार) :** नरवाना बार एसोसिएशन के प्रधान पद के चुनाव में एडवोकेट अनिल मोर ने शानदार जीत दर्ज करते हुए इतिहास रच दिया। उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी को भारी मतों से पराजित कर 207 वोट हासिल किए और प्रधान पद पर कब्जा जमाया। वहीं एडवोकेट गौरव सहारण को सर्वसम्मति से सचिव चुना गया।चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न हुई। प्रधान पद के लिए हुए मुकाबले में पूर्व प्रधान आदित्य शर्मा और अनिल मोर आमने-सामने थे। कुल 258 मतों में से 221 वोट डाले गए जिनमें से अनिल मोर को 207 जबकि आदित्य शर्मा को 11 वोट प्राप्त हुए। वहीं 3 वोट रद्द घोषित किए गए।चुनाव के उपरांत बार रूम में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीजेएम जज संदीप कुमार जाखड़ ने कहा कि चुनाव में किसने किसे वोट दिया यह महत्वपूर्ण नहीं है बल्कि सभी का एकजुट होना ही



सबसे बड़ी जीत है। उन्होंने वकीलों से आपसी भाईचारा और एकता बनाए रखने का आह्वान किया।इस अवसर पर एडवोकेट जोगीराम नैन, रणधीर नैन, शिशपाल मोर, कुलदीप मोर, हरिनंदन, पूर्व प्रधान बलजीत मलिक, पूर्व सचिव सुमित श्योकंद, सरीन, अंजू बेदी, दीपक सहित अनेक गणमान्य अधिवक्ता उपस्थित रहे। चुनाव में रिटर्निंग अधिकारी के रूप में एडवोकेट कुलवंत श्योकंद और मनिन्दर श्योकंद ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। नवनिर्वाचित प्रधान अनिल मोर ने कहा कि बार और बेंच के बीच पहले से चले आ रहे मधुर संबंधों को आगे भी मजबूती दी जाएगी।

उन्होंने आश्वस्त किया कि वे हमेशा बार के हित में कार्य करेंगे और सभी वकील साथियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहेंगे।जीत के बाद बार परिसर में खुशी का माहौल रहा और समर्थकों ने अनिल मोर का जोरदार स्वागत किया।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल : उपायुक्त

**पानीपत, 13 अप्रैल (हरप्रीत छतवाल) :** हरियाणा सरकार के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी उपायुक्तों के साथ नारी शक्ति वंदन अधिनियम प्रचार अभियान के अलावा कई अन्य विषय यो को लेकर महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में अधिनियम के व्यापक प्रचार-प्रसार और उससे जुड़े कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आयोजित विशेष कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम साबित होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए जिला स्तर पर व्यापक गतिविधियां आयोजित की जाएं। इसके तहत महिला सम्मेलन, जागरूकता कार्यक्रम और अन्य जनभागीदारी आधारित आयोजनों पर विशेष जोर दिया जाएगा। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर निकाली जाने वाली यात्राओं और जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने और उन्हें सफलतापूर्वक आयोजित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी कार्यक्रम सुव्यवस्थित, प्रेरणादायक और जनसहभागिता से परिपूर्ण होने चाहिए। उपायुक्त डॉ. विरेंद्र कुमार दहिया ने बैठक में आश्वस्त किया कि जिले में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर गंभीरता से कार्य किया जाएगा और सभी प्रस्तावित कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक आयोजित किया जाएगा। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि वे आपसी समन्वय के साथ इन कार्यक्रमों को बेहतर ढंग से क्रियान्वित करें। उपायुक्त डॉ. विरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। पानीपत में इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सभी विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि वे मिलकर कार्य करें ताकि अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित हो सके। उपायुक्त ने बताया कि गेहूं की फसल के उठान को लेकर कुछ ट्रांसपोर्ट संबंधी समस्याएं सामने आई हैं, लेकिन प्रशासन इस पर लगातार काम कर रहा है और जल्द ही इसके सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त अंकित चौकसे सहित कई अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

# आगामी 15 अप्रैल को जिले में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित करवाई जाएगी परीक्षा

**कैथल, 13 अप्रैल (सुरेंद्र कुमार) :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा 15 अप्रैल 2026 को जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षाओं के मद्देनजर जिला प्रशासन ने सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष प्रबंध किए हैं। जिलाधीश अपराजिता ने परीक्षा केंद्रों के आसपास भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 लागू करने के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेशों के अनुसार परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में पांच या उससे अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसके साथ ही परीक्षा के दिन सुबह 9:30 बजे से शाम 5 बजे तक इन क्षेत्रों में फोटो स्टेट की दुकानें भी बंद रहेंगी, ताकि किसी प्रकार की नकल या अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो। प्रशासन द्वारा यह कदम परीक्षा प्रक्रिया को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से उठाया गया है। जिलाधीश ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की बाधा, अफवाह या अनुचित गतिविधि को सख्ती से रोका जाएगा।

उन्होंने चेतावनी दी है कि आदेशों की अवहेलना करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी परीक्षा केंद्रों के आसपास पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए और नियमों का कड़ाई से पालन कराया जाए, ताकि परीक्षाएं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो सकें।

**इन 14 परीक्षा केंद्रों पर लागू होंगे नियम**

प्रशासन ने जिले के 14 प्रमुख कॉलेजों को परीक्षा केंद्र के रूप में चिन्हित किया है, जिनमें शामिल हैं। आरकेएसडी कालेज कैथल (बीए 1 व 2), डॉ. बी.आर. अंबेडकर राजकीय कॉलेज कैथल, जाट कॉलेज कैथल, आईजी महिला महाविद्यालय कैथल, सीआईएस कन्या महाविद्यालय फतेहपुर पूंडरी, डीएवी कॉलेज फतेहपुर पूंडरी, सीआईएस कन्या महाविद्यालय फतेहपुर ढांड, एएनबी जय राम कन्या महाविद्यालय सेरधा, बीएआर जनता कालेज कौल, डीएवी कॉलेज चीका, श्री कपिल मुनि राजकीय महिला कॉलेज कलायत, राजकीय महिला कॉलेज चीका और राजकीय महिला कॉलेज धनौरी शामिल हैं।

# नव नियुक्त डीसी डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने संभाला कार्यभार

***प्रशासनिक अधिकारियों ने पुष्प गुच्छ देकर किया स्वागत***

**करनाल, 13 अप्रैल (ब्यूरो) :** करनाल के नव नियुक्त डीसी डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने सोमवार को सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय में पहुंचकर अपना कार्यभार ग्रहण किया। डीसी के आगमन पर एडीसी डॉ. राहुल रईया, सीटीएम मोनिका शर्मा व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया और पुलिस विभाग ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया। बता दें कि हरियाणा सरकार की ओर से हाल ही में जारी आदेशों की अनुपालना में 2019 बैच के आई. ए. एस. अधिकारी डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने रोहतक से स्थानांतरण के उपरांत करनाल में डीसी के पद को ग्रहण किया है। डॉ. आनंद कुमार शर्मा इससे पहले रोहतक में नगर निगम आयुक्त के पद पर कार्यरत थे और कई अन्य जिलों में भी बतौर एडीसी, एसडीएम सहित अन्य पदों पर



अपनी प्रशासनिक सेवाएं दे चुके हैं। डीसी डॉ आनंद कुमार शर्मा ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना तथा आम जनता की समस्याओं का निराकरण करना प्राथमिकता में शामिल है। इसके अलावा जिला में चल रहे विकासात्मक परियोजनाओं की गति को और तेज किया जाएगा ताकि लोगों को मूलभूत आवश्यकताओं तथा सुविधाओं का लाभ मिले। उन्होंने आश्वस्त किया कि करनाल की जनता का सहयोग लेकर करनाल शहर को साफ-सुथरा शहर बनाने की दिशा में कारगर कदम उठाए जाएंगे।

# कलायत में जाम से जनजीवन अस्त-व्यस्त, वैकल्पिक मार्ग न होने से रेलवे रोड पर लगी वाहनों की लाइन



**कलायत, 13 अप्रैल (सूबे सिंह मोर) :** कलायत अनाज मंडी में फसल की आवक के साथ ही शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। पिछले तीन दिनों से नेशनल हाईवे और अन्य गांवों को अनाज मंडी से जोड़ने वाले एकमात्र रेलवे रोड पर वाहनों की लंबी कतारें लगी हुई हैं। किसानों द्वारा ट्रैक्टर-ट्रालियों में अनाज लेकर मंडी पहुंचने के कारण सड़कों पर तिल धरने की जगह नहीं बची है। आलम यह है कि महज 3 किलोमीटर का सफर तय करने के लिए वाहन चालकों को एक घंटे तक मशक्कत करनी पड़ रही है। स्थानीय पुलिस प्रशासन दिन भर जाम खुलवाने के प्रयास में जुटा रहता है, लेकिन आवक के भारी दबाव के चलते कुछ ही मिनटों में सड़कों पर दोबारा जाम की स्थिति पैदा हो जाती है। रेलवे रोड शहर का सबसे व्यस्त मार्ग है क्योंकि पंजाब को जोड़ने वाला मुख्य रास्ता होने के साथ-साथ इसी रोड पर एक दर्जन के करीब बैंक और कई बड़े निजी अस्पताल स्थित हैं। जाम के कारण न केवल किसान और व्यापारी परेशान हैं, बल्कि अस्पतालों में आने वाले गंभीर मरीजों और बैंक उपभोक्ताओं को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व अनाज मंडी प्रधान रणधीर सिंह चहल, प्रमोद कंसल और विनोद कुमार ने रोष जताते हुए कहा कि हर सीजन में यही कहानी दोहराई जाती है, लेकिन प्रशासन स्थाई समाधान निकालने में नाकाम रहा है।

स्थानीय निवासियों और व्यापारिक संगठनों ने प्रशासन से मांग की है कि नेशनल हाईवे को सीधे अनाज मंडी से जोड़ने के लिए बाईपास का निर्माण जल्द किया जाए। उन्होंने बताया कि नहर के साथ-साथ खरक पांडवा से अनाज मंडी तक सड़क बनाने का एस्टीमेट काफी समय पहले भेजा जा चुका है, लेकिन फाइल अभी तक कागजों में ही दबी हुई है। लोगों का कहना है कि जब तक वैकल्पिक मार्ग नहीं बनता, तब तक शहर को इस जाम के जंजाल से मुक्ति मिलना नामुमकिन है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही बाईपास का निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ तो वे आंदोलन को मजबूर होंगे।

## खुशियां, मेहनत और आस्था का प्रतीक है बैसाखी का पर्व : सोहन लाल

**बाबैन, 13 अप्रैल (राजेश कुमार) :** आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बरगट जट्टान में बैसाखी का पर्व बड़े हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। यह पर्व प्रत्येक वर्ष अप्रैल माह में मनाया जाता है और विशेष रूप से पंजाब एवं हरियाणा में मेष संक्रांति के दिन मनाया जाता है। इस दिन फसल के पकने पर उसकी कटाई का कार्य आरंभ होता है। सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोविंद सिंह जी ने वर्ष 1699 में बैसाखी के दिन खालसा पंथ की स्थापना की थी। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने पंजाबी लोक नृत्य के रंगारंग प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में पंजाबी नृत्य, जलियांवाला बाग पर आधारित लघु नाटक, भाषण तथा कविताएँ प्रमुख आकर्षण रहे। इस अवसर पर कक्षा पहली से पांचवीं तक के विद्यार्थियों




ने सक्रिय भागीदारी निभाई। विद्यालय के प्रधानाचार्य रोबिन कुमार ने अपने संबोधन में बैसाखी पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारे देश में विभिन्न राज्यों, समुदायों एवं धर्मों के लोग अपने-अपने त्योहार बड़े उत्साह से मनाते हैं। बैसाखी भी एक ऐसा ही पर्व है, जो फसल की कटाई पूर्ण होने की खुशी में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि बैसाखी केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि समृद्ध संस्कृति, किसानों की अथक मेहनत, ईश्वर के प्रति कृतज्ञता और आस्था का प्रतीक है। विद्यालय के प्रबंधक सोहनलाल सैनी ने विद्यार्थियों की विभिन्न गतिविधियों की सराहना करते हुए सभी को बैसाखी की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि यह पर्व मेहनत के फल का उत्सव है तथा ईश्वर के प्रति धन्यवाद व्यक्त करने का अवसर है। यह दिन किसानों के लिए नई आशा और खुशहाली का संदेश लेकर आता है। इस अवसर पर विद्यालय की प्रबंधक उर्मिला सैनी, उप-प्रधानाचार्या अनीता हांडा सहित समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# बसतली झाल की बुझती रौनक : जहां कभी ठहरता था कारवां, आज पसरा सन्नाटा और बदहाली की तस्वीर

*आरओ जैसे मीठे पानी वाला नलका हुआ बंद, नहर का ठंडा झरना बना कूड़ाघर, प्रशासन की अनदेखी से उजड़ गया कभी का जीवंत पड़ाव*

**निसिंग, 13 अप्रैल ( जोगिंद्र सिंह ) :** क्षेत्र के गांव बसतली झाल की पहचान कभी राहगीरों और ग्रामीणों के लिए एक सुकून भरे पड़ाव के रूप में होती थी। यहां दिनभर वाहनों का आना-जाना लगा रहता था, बसें रुकती थीं, लोग छांव में बैठकर आराम करते थे और नलके से निकलने वाला मीठा, ठंडा पानी पीकर अपनी प्यास बुझाते थे। लेकिन आज वही बसतली झाल वीरान और बदहाल नजर आ रहा है, जहां कभी जीवन की चहल-पहल थी, वहां अब सन्नाटा पसरा हुआ है।



एक समय ऐसा भी था जब इस स्थान पर लगा नलका अपनी गुणवत्ता के कारण दूर-दूर तक मशहूर था। स्थानीय लोग बताते हैं कि नलके का पानी इतना साफ और स्वादिष्ट था कि लोग इसे आरओ जैसा पानी कहकर पुकारते थे। गर्मी के दिनों में तो यहां विशेष रूप से भीड़ उमड़ती थी। राहगीर, किसान और बसों के यात्री यहां रुककर पानी पीते और कुछ पल सुकून के बिताते थे। केवल पानी ही नहीं, बल्कि बसतली झाल के नीचे बहने वाली नहर भी लोगों के आकर्षण का केंद्र थी। अप्रैल और मई की तपती गर्मी में आसपास के गांवों के युवा इस नहर में नहाने के लिए पहुंचते थे। ठंडा और साफ बहता पानी किसी प्राकृतिक झरने जैसा अनुभव देता था। बच्चों की किलकारियां, युवाओं की मस्ती और लोगों की आवाजाही इस स्थान को जीवंत बनाए रखती थी, लेकिन अब हालात पूरी तरह बदल चुके हैं। नलका लंबे समय से बंद पड़ा है, उसकी देखरेख न होने के कारण जंग लग चुका है और आसपास झाड़ियां उग आई हैं। जो स्थान कभी साफ-सुथरा और आकर्षक था, वहां अब गंदगी का ढेर लगा हुआ है। नहर के नीचे कचरा जमा हो गया है, पानी गंदा और बदबूदार हो चुका है, जिससे वहां रुकना भी मुश्किल हो गया है। वहीं, झाल के पास बनी अस्थायी संरचनाएं भी अब टूट-फूट कर खंडहर में तब्दील हो चुकी हैं। बांस और लकड़ी से बना ढांचा बिखर चुका है, ईंटें इधर-उधर पड़ी हैं और यह सब मिलकर इस स्थान की बदहाली की कहानी बयां कर रहे हैं। पहले जहां बसों के रुकने से हलचल रहती थी, अब वहां से वाहन बिना रुके ही गुजर जाते हैं।



स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यह स्थिति प्रशासन की अनदेखी का परिणाम है। यदि समय-समय पर सफाई, मरम्मत और रखरखाव किया जाता तो यह स्थान आज भी लोगों के लिए उपयोगी और आकर्षक बना रह सकता था। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि कई बार संबंधित विभाग को इस बारे में अवगत कराया गया, लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

**पर्यावरण पर भी असर**

विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह की लापरवाही न केवल सामाजिक जीवन को प्रभावित करती है, बल्कि पर्यावरण के लिए भी नुकसानदायक होती है। नहर में जमा कचरा जल प्रदूषण को बढ़ावा देता है और आसपास के क्षेत्र की स्वच्छता को भी प्रभावित करता है।

**लोगों की मांग और उम्मीद**

ग्रामीणों और राहगीरों ने प्रशासन से मांग की है कि बसतली झाल की तुरंत सफाई करवाई जाए, नलके को दुरुस्त कर दोबारा चालू किया जाए और इस स्थान को एक व्यवस्थित विश्राम स्थल के रूप में विकसित किया जाए। लोगों का मानना है कि यदि थोड़ी सी कोशिश की जाए तो यह स्थान फिर से अपनी पुरानी पहचान और रौनक वापस पा सकता है।

# अवैध कॉलोनियों पर नियमित कार्रवाई सुनिश्चित करें अधिकारी : डीसी अपराजिता

**कैथल, 13 अप्रैल ( सुरेंद्र कुमार ) :** डीसी अपराजिता की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें डीटीपी कार्यालय सहित संबंधित अधिकारियों के साथ अवैध कॉलोनियों और निर्माणों के खिलाफ चल रही कार्रवाई की समीक्षा की गई। उन्होंने अवैध निर्माणों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित के निर्देश दिए। डीसी अपराजिता ने जिला नगर योजनाकार को निर्देश दिए कि अवैध कॉलोनियों पर नियमित रूप से कार्रवाई की जाए और किसी भी प्रकार की अवैध प्लाटिंग या निर्माण को सख्ती से रोका जाए। प्रशासन की कार्रवाई लगातार और प्रभावी होनी चाहिए, ताकि लोगों नियमों की अवहेलना करना छोड़ दें और जिले में सुनियोजित विकास को बढ़ावा मिल सके। डीटीपी प्रवीन कुमार ने बताया कि हाल ही में उन्होंने करनाल रोड पर अवैध निर्माणों पर कार्रवाई की थी। शुगर मिल के पास स्थित एक कॉलोनी में भी कई बार कार्रवाई की जा चुकी है, लेकिन कुछ स्थानों पर लोग दोबारा निर्माण कार्य शुरू कर देते हैं।



इसी प्रकार पूंडरी, ढांड व कैथल क्षेत्र में नई अवैध कॉलोनियों की पहचान की गई है, जिन्हें नोटिस जारी कर दिए गए हैं और आगामी दिनों में इनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। डीसी अपराजिता ने पुलिस व डीटीपी को निर्देश दिए कि एफआईआर के बाद चार्जशीट दाखिल करने की प्रक्रिया पर कड़ी निगरानी रखी जाए और लंबित मामलों की रिपोर्ट अगली बैठक में प्रस्तुत की जाए। डीसी अपराजिता ने कहा कि अवैध निर्माणों को रोकने के लिए सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे किए गए अवैध निर्माणों पर विशेष अभियान चलाने और संबंधित विभागों के साथ मिलकर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी एसडीएम से उनके क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों के निरीक्षण की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर डीएसपी गुरविंद्र सिंह, डीटीपी प्रवीन कुमार, एआईपीआरओ अमित कौशिक सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# सामाजिक न्याय, समानता को समर्पित रहा बाबा साहब का जीवन : डॉ अरविंद शर्मा

*प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री सैनी द्वारा चलाई जा रही योजनाएं गरीबों के उत्थान को सुनिश्चित कर रही, कैबिनेट मंत्री ने फव्वारा चौक पर प्रतिमा पर किया माल्यार्पण*

**गोहाना, 13 अप्रैल ( ब्यूरो ) :** भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने गोहाना के फव्वारा चौक पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं और आमजन के साथ बाबा साहब को नमन करते हुए उनके विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया। अपने संबोधन में सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर का जीवन सामाजिक न्याय, समानता और शिक्षा के महत्व का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश सरकार में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व की सरकार बाबा साहब के विचारों को धरातल पर उतारने के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं जैसे गरीबों के लिए आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वरोजगार से जुड़ी योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं, जो बाबा साहब के सबका साथ, सबका विकास के सपने को साकार कर रही हैं।



कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि हरियाणा सरकार भी सामाजिक समरसता और समान अवसर के सिद्धांत पर कार्य करते हुए अनुसूचित जाति वर्ग के उत्थान के लिए कई योजनाएं लागू कर रही है।

शिक्षा, रोजगार और आर्थिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयास समाज में समानता को मजबूत कर रहे हैं। डॉ. शर्मा ने उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि वे बाबा साहब के दिखाए मार्ग पर चलकर समाज में भाईचारे और एकता को बढ़ावा दें तथा उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाएं। इस अवसर पर गोहाना भाजपा जिला प्रभारी डॉ किरण कलकल, नगर परिषद चेयरपर्सन रजनी विरमानी, जिला महामंत्री महेन्द्र चिड़ाना, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रीना शर्मा, डॉ रामेहर राठी, भूपेंद्र मुदगिल, राजेश भावड, राजू पटवा, डॉ ओमप्रकाश शर्मा, डॉ रमेश कश्यप, अरुण बड़ौक, संदीप सैनी, सुमित कक्कड़, शीतल आर्य, डॉ निशा सांगवान, कुलदीप कौशिक, मोनू पांचाल आदि उपस्थित रहे।

# गुरु जी की फौज हमेशा दीन हीन की रक्षा के लिए तत्पर रहती है : डा. चूहड़ सिंह

*खालसा साजना दिवस पर गुरु नानक खालसा कालेज में मनाया गया वैसाखी का पर्व धूमधाम से, विद्यार्थियों ने कडाह प्रसाद एवं दूध की छबील लगाकर दिया सेवा का संदेश*

**करनाल, 13 अप्रैल ( संदीप रोहिला ) :** गुरु नानक खालसा कालेज में खालसा साजना दिवस पर वैसाखी पर्व धूमधाम से मनाया गया। कालेज प्रबंधन समिति के प्रधान सरदार कंवरजीत सिंह प्रिंस के कुशल नेतृत्व, निर्देशन एवं मार्गदर्शन में प्राचार्य डा. चूहड़ सिंह, स्टॉफ व विद्यार्थियों ने कालेज के द्वार पर भव्य शामियाना लगा कर कडाह प्रसाद एवं गर्म दूध की छबील लगाई। इस मौके पर कालेज प्रबंधन समिति के महासचिव सरदार सुरिंद्रपाल सिंह पसरीचा ने सेवाएं दी। उन्होंने कहा कि गुरु गोविंद सिंह महाराज द्वारा 13 अप्रैल 1699 को वैसाखी पर्व पर खालसा पंथ की स्थापना की गई थी। आज 327 वर्ष बाद भी गुरु महाराज द्वारा प्रदान की गई सेवाओं और शिक्षाओं के कारण आज भी साध संगत समर्पण, निष्ठा, साहस, शौर्य और त्याग के माध्यम से लोगों को जागरूक कर आपसी भाईचारे का संदेश देती है। उन्होंने बताया कि आज अमेरिका ईरान युद्ध में गुरु की फौज लेबनान में भी पहुंच कर लंगर सेवा बरता रही है।





कालेज के प्राचार्य डा. चूहड़ सिंह ने बताया कि सवा लाख से एक लड़ाऊं तभी गोविंद सिंह नाम कहाऊं को चरितार्थ करते हुए कालेज के समस्त स्टॉफ और विद्यार्थी वैसाखी पर्व पर सेवा, सदभावना एवं सहयोग का संदेश दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि कालेज के विद्यार्थियों में समाजिकता, परोपकार, सदभावना को जागरूक करने तथा अपने बलिदानी एवं वीरतापूर्वक इतिहास श्रद्धांजलि देते हुए यह पर्व उल्लासपूर्वक मनाया जा रहा है। प्राचार्य ने कहा कि गुरु जी की फौज हमेशा दीन हीन की रक्षा के लिए तत्पर रहती है। कालेज प्रबंधन समिति के प्रधान सरदार कंवरजीत सिंह प्रिंस ने स्वयं छबील में आकर सेवा की और गुरु महाराज के दिखाए मार्ग पर चलने का संदेश दिया।

इस अवसर पर डा. देवी भूषण, डा. जुझार सिंह, डा. कृष्ण अरोड़ा, डा. जतिंद्र पाल सिंह, गुरपाल सिंह, डा. अमरजीत, डा. रमन भट्टी, प्रो. अंजु चौधरी, प्रो. अनिल कुमार सिंह, डा. दीपक, डा. भावना शर्मा, डा. बीर सिंह, स्टॉफ व बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

# नारी शक्ति वंदन पदयात्रा में उत्साहपूर्वक लें भाग : मेयर

*15 अप्रैल को करनाल में होगा लोकसभास्तरीय आयोजन*

**करनाल, 13 अप्रैल ( संदीप रोहिला ) :** करनाल की मेयर रेणु बाला गुप्ता ने नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत 15 अप्रैल को करनाल लोकसभा क्षेत्र में आयोजित होने वाली पदयात्रा में अधिक से अधिक भागीदारी का आह्वान किया है। उन्होंने इस अभियान को महिला सशक्तिकरण, समान भागीदारी और सामाजिक जागरूकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। मेयर रेणु बाला गुप्ता ने बताया कि 15 अप्रैल को करनाल में लोकसभा स्तरीय नारी शक्ति पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा, जो रघुनाथ नगर से प्रारंभ होकर सदर बाजार होते हुए कर्ण गेट तक पहुंचेगी। इसके साथ ही माया गार्डन में सभा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह पदयात्रा महिलाओं की सहभागिता और जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक सामाजिक पहल के रूप में आयोजित की जा रही है। मेयर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अभियान महिलाओं को उनके अधिकारों और अवसरों के प्रति जागरूक करने का एक सशक्त माध्यम है। महिला आरक्षण विधेयक का पारित होना देश के लिए एक ऐतिहासिक घटना है, जिससे महिलाओं की भागीदारी को नई दिशा मिलेगी। 15 अप्रैल को करनाल लोकसभा क्षेत्र में आयोजित पदयात्रा के माध्यम से महिलाएं एकजुट होकर अपनी सहभागिता दर्ज कराएंगी और समाज में सकारात्मक संदेश देंगी। सभी महिलाओं और नागरिकों से इस पदयात्रा में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान है। साथ ही यह



अवसर है कि हम सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति अपना आभार व्यक्त करें। उन्होंने बताया कि विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं को जोड़ने, सभाएं आयोजित करने और जन-जागरूकता फैलाने का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान महिला आरक्षण से जुड़े विषयों तथा महिला-केंद्रित पहलों के प्रति समर्थन भी व्यक्त किया जाएगा। इस अवसर पर नगर विधायक जगमोहन आनंद एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि कविंद्र राणा ने भी सभी से सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। पार्षदों, प्रतिनिधियों, महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पदयात्रा को सफल बनाने के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

# असंध, बल्ला, सालवन, मूनक में पोर्टल बंद होने पर किसानों ने लगाया जाम

**असंध, 13 अप्रैल ( दलसिह मान ) :** असंध, बल्ला, सालवन, मूनक अनाज मंडी में गेहूं खरीद के लिए ई खरीद पोर्टल बंद होने पर किसानों ने असंध-कोहड मार्ग पर जाम लगा दिया। किसानों ने आरोप लगाया कि सरकार पोर्टल और बायोमेट्रिक सिस्टम के नाम पर किसानों को परेशान कर रही है। उनकी समस्याओं की कोई सुनवाई नहीं हो रही है जिसके कारण उन्हें मजबूरन सड़क पर उतरना पड़ा है। जाम के कारण सड़क पर वाहनों की लंबी कतारे लग गई। किसानों ने बताया कि वह लगातार सरकार को बायोमेट्रिक सिस्टम और ऑनलाइन पोर्टल में आने वाली समस्याओं के बारे में बार-बार आगाह कर रहे थे, लेकिन सरकार ने इस पर ध्यान नहीं दिया। जिसके चलते किसान घंटा लाइन में लगने के बाद परेशान होकर सड़कों पर आ रहे हैं। पोर्टल बंद होने से सालवन, बल्ला, मुनक गांव में भी किसानों ने रोड पर जाम लगा दिया। किसानों ने नई खरीद नीतियों को किसान विरोधी बताते हुए पुरानी व्यवस्था बहाल करने की मांग की है। किसानों का आरोप है की फसल कटाई के बीच पोर्टल बंद होने से उन्हें भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।



# नाबालिक किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में दो आरोपी गिरफ्तार

**यमुनानगर, 13 अप्रैल ( दिनेश कुमार ) :** महिला थाना पुलिस टीम ने नाबालिक किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थाना प्रभारी शिलावंती ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना सदर यमुनानगर की रहने वाली एक महिला ने शिकायत दर्ज करवाई कि उसकी 16 वर्षीय नाबालिक लड़की को नशीला पदार्थ देकर होटल में गलत काम किया है। इस शिकायत पर पॉस्को सहित विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए उप निरीक्षक सुषमा रानी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। जांच के दौरान पुलिस टीम ने गांव दराजपुर निवासी अभिषेक उर्फ शेखू पुत्र निर्मल सिंह को गिरफ्तार किया। जांच के दौरान पीड़िता ने बताया कि आरोपी गांव धौडग निवासी शशि कुमार पुत्र महेंद्र सिंह ने भी करीब 1 साल पहले उसके साथ गलत काम किया था। पुलिस टीम ने तुरंत कार्यवाही करते हुए आरोपी शशि कुमार को गिरफ्तार किया। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।



# मोबाइल छीनने के आरोप में एक आरोपी गिरफ्तार

**यमुनानगर, 13 अप्रैल ( दिनेश कुमार ) :** थाना सदर यमुनानगर पुलिस टीम ने मोबाइल छीनने के आरोप में एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की है। आरोपी से छीना हुआ मोबाइल बरामद किया गया। आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थाना प्रबंधक कमलजीत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि चन्दन कुमार पुत्र बलेश्वर वासी गांव छपिया जिला छपरा बिहार हाल निवासी रायेपुर कामी माजरा ने शिकायत दर्जकार्रवाई कि दिनाँक 12 अप्रैल को वह फैक्टरी से छुट्टी करके कामी माजरा चौक पर जा रहा था तो तभी अचानक पिछे से एक लडका आया और उसने उसके हाथ से मोबाईल फोन छिनकर भाग गया। इस शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर मुख्य सिपाही रमनदीप सिंह के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने तुरंत कार्यवाही करते हुए आरोपी को छीने हुए मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया। जिसकी पहचान इसरार पुत्र सलाहुदीन वासी खड्डा कालौनी पुराना हमीदा के रूप में हुई। आरोपी से छीना हुआ मोबाइल बरामद किया गया। आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

# शहीद रसवीर सिंह हाई स्कूल सिसर में हवन यज्ञ का भव्य आयोजन



**नरवाना, 13 अप्रैल ( नरेन्द्र कुमार ) :** गांव सिसर स्थित शहीद रसवीर सिंह हाई स्कूल में आज आध्यात्मिक और प्रेरणादायक वातावरण के बीच हवन यज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ भाग लेते हुए विद्यालय के उज्ज्वल भविष्य और अपने जीवन की सफलता के लिए प्रार्थना की।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने विद्यालय में अधिक से अधिक प्रवेश के लिए भी विशेष प्रार्थना की और गांव में जागरूकता का संदेश दिया। इस पहल का उद्देश्य शिक्षा के महत्व को बढ़ावा देना और अधिक से अधिक बच्चों को विद्यालय से जोड़ना रहा।हवन यज्ञ में विद्यालय स्टाफ और गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य रूप से मुख्य अध्यापक सीताराम, संदीप चाहल, मनीदीप पुणिया, अनु मैम, सुशीला मैम, कविता मैम, रानी मैम, मदन गोपाल नाथूराम, वेदपाल, सरपंच डॉ. सुरेश कुमार, पूर्व एसएमसी प्रधान पवन सिहाग, एसएमसी प्रधान बिंडर, मार्केट कमेटी सदस्य बलकार, मनोज शर्मा, सुनील शर्मा, मुन्नी देवी, सतवीर सिंह और रामपाल प्रजापत सहित अनेक सम्मानित व्यक्ति उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को विद्यालय में दाखिला दिलाकर उनके भविष्य को उज्ज्वल बनाएं। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिलकर विद्यालय की उन्नति, विद्यार्थियों की सफलता और समाज में शिक्षा के प्रसार के लिए मंगलकामनाएं कीं और शिक्षा के प्रति जागरूकता को नई दिशा प्रदान की।

# जिला में 2 लाख 69 हजार 809 मीट्रिक टन गेहूं की आवक : डॉ. आनंद कुमार शर्मा

**करनाल, 13 अप्रैल ( मीनाक्षी देवी ) :** जिला की मंडियों में गेहूं की आवक लगातार जारी है। इसके दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा सभी जरूरी प्रबंध पहले से ही पूरे कर लिए गए थे, जिनका समय-समय पर निरीक्षण किया जा रहा है। डीसी डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि गत दिवस तक जिला में करीब 2 लाख 69 हजार 809 मीट्रिक टन की आवक विभिन्न खरीद केंद्रों व मंडियों में हुई। उन्होंने बताया कि विभिन्न खरीद एजेंसियों द्वारा 112961 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया जिसमें से खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा 33116 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 55082 मीट्रिक टन तथा हरियाणा वेयर हाउसिंग कॉर्पोरेशन द्वारा 24763 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया। उन्होंने बताया कि जिला में गेहूं की फसल की बिक्री के दौरान किसानों को आने वाली किसी भी प्रकार की समस्या के त्वरित समाधान के लिए जिला राजस्व कार्यालय (डीआरओ) में जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। इसके साथ ही गेहूं खरीद प्रक्रिया को सुचारू बनाने और किसानों की सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 0184-2267271 व 0184-2980735 जारी किए गए हैं। यह हेल्पलाइन सेवा रोजाना प्रात: 6 से रात्रि 8 बजे तक क्रियाशील रहेगी। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे पंजीकृत नंबर वाले ट्रैक्टर में ही गेहूं मंडियों में लेकर आएं। यदि किसी विशेष परिस्थिति में किसान ऐसा नहीं कर पाते हैं, तो उन्हें संबंधित एसडीएम से अनुमति लेनी होगी।

